तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि

सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, शनिवार, 10 अक्टूबर 2026

अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

2 साइबर ठगी के पीड़ितों को मिलेगी निःशुल्क विधिक सहायता



खबर संक्षेप

पेंशनर समाज की बैठक आज

अंबिकापुर। छत्तीसगढ़ पेंशनर्स समाज जिला सरगुजा ईकाई की आवश्यक बैठक शनिवार 10 अक्टूबर को सायं 3.30 बजे से स्थानीय सियान सदन भवन में आयोजित किया गया है। बैठक में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा विगत कई महीनों से लंबित मंहगाई राहत और पेंशनर्स के विभिन्न मांगों के संबंध में समाधान के 15 अक्टूबर को मंत्रालय में बुलाई गई मीटिंग के एजेंडे पर चर्चा कर निर्णय लिया जाएगा और उसे प्रांताध्यक्ष को सूचित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त अन्य सामयिक समस्याओं पर भी विचार किया जाएगा।

अंडर-23 व सीनियर क्रिकेट ट्रायल गांधी स्टेडियम में आज

अम्बिकापुर। गांधी स्टेडियम में अंडर-23 और सीनियर वर्ग के क्रिकेट खिलाड़ियों के लिए जिला स्तरीय चयन ट्रायल 10 अक्टूबर को आयोजित किए जाएंगे। सुबह 9 बजे से शुरू होने वाले इस ट्रायल की निगरानी सीएससीएस के राजेश शुक्ला क्रिकेट ऑब्जर्वर करेंगे। जिला क्रिकेट संघ के अनुसार इस ट्रायल में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को सुबह 8:30 बजे तक स्टेडियम में रिपोर्ट करना अनिवार्य होगा। चयन प्रक्रिया में फिटनेस टेस्ट, बल्लेबाजी, गेंदबाजी, फील्डिंग और मैच प्रदर्शन का आकलन शामिल रहेगा। ऑब्जर्वर की देखरेख में होने वाले इस ट्रायल से पारदर्शिता और मानक मूल्यांकन सुनिश्चित होगा। यह चयन जिला टीम में शामिल होने का पहला चरण है। चुने गए खिलाड़ी आगे ज़ोनल और राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने के पात्र होंगे।

रक्तदान शिविर में 50 यूनिट रक्त एकत्रित

प्रतापपुर। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रतापपुर में आयोजित रक्तदान शिविर का शुभारंभ एसडीओपी अनुप एक्का एवं बीएमओ डॉ. अजीत दीवान ने किया। शिविर में रक्तदाताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और कुल 50 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। अधिकारियों ने रक्तदान को मानव सेवा का महान कार्य बताते हुए लोगों से आगे आने की बात कही। शिविर में रक्तदाताओं की स्वास्थ्य जांच के बाद मेडिकल टीम की देखरेख में सुरक्षित रक्त संग्रह किया गया। इस दौरान डॉ. यशोदा मिश्रा, राजेश वर्मा, चिरंजीवी सिन्हा, एचएम अंसारी, इंद्रभान, विनोद रवि, सुनीता श्रेष्ठा एवं अंजली साहू सहित स्वास्थ्य टीम मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजना के लिए आवेदन 30 तक

अम्बिकापुर। मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य के प्रतिभावान एवं निम्न आय वर्ग के विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर के प्रतिष्ठित उच्च व्यावसायिक शिक्षण संस्थानों में अध्ययन के लिए तात्कालिक आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। आयुक्त, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास नवा रायपुर द्वारा संचालित इस योजना के तहत शिक्षण सत्र 2026-27 में पात्र संस्थानों में प्रवेश लेकर अध्ययन कर रहे विद्यार्थियों से ऑफलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक पात्र विद्यार्थी 30 अक्टूबर को शाम 4 बजे तक अपना आवेदन जमा कर सकते हैं। योजना का उद्देश्य राज्य के प्रतिभावान निम्न आय वर्ग के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करना तथा प्रतिष्ठित संस्थानों में अध्ययन के दौरान आवश्यक आर्थिक सहायता उपलब्ध कराना है। योजना के अंतर्गत भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), भारतीय प्रबंध संस्थान (आईआईएम), भारतीय विधि संस्थान (एनएलयू) तथा एमबीबीएस जैसे व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्राप्त कर अध्ययनरत पात्र विद्यार्थियों को लाभान्वित करने का प्रावधान है। पात्र विद्यार्थी निर्धारित आवेदन पत्र एवं आवश्यक दस्तावेजों के साथ अपना आवेदन कार्यालय सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास, कम्पोजिट बिल्डिंग, प्रथम तल, कलेक्टोरेट परिसर, अम्बिकापुर, जिला सरगुजा में जमा कर सकते हैं। आवेदन निर्धारित समय-सीमा के भीतर रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से भी भेजे जा सकते हैं।

देश के 55 जिलों में जोश कार्यक्रम के लिए सरगुजा भी चयनित

सरगुजा के बतौली को मिला टीबी मुक्त विकासखंड का दर्जा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

टीबी के खिलाफ चलाए गए अभियान में सरगुजा ने बड़ी सफलता हासिल की है। सरगुजा के बतौली को टीबी मुक्त विकासखंड का दर्जा मिला है। जिले को यह सम्मान प्रदेश के प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के हाथों मिला है। भारत सरकार ने भी टीबी के खिलाफ अभियान में शुरू किए गए कार्यक्रम जोश में देश के 55 जिलों में सरगुजा का चयन किया गया है।

खास बात

- केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने किया शुभारंभ

बता दें कि टीबी मुक्त भारत अभियान को जनभागीदारी से सशक्त बनाने के उद्देश्य से केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा ने 8 अक्टूबर को नई दिल्ली के भारत मंडपम में राष्ट्रीय स्तर पर जोश (ज्वाइंट स्क्वाड फॉर हेल्थ) टीम का शुभारंभ किया। प्रथम चरण में देश के 11 राज्यों के 55 जिलों में प्रारंभ इस पहल के अंतर्गत सरगुजा जिले में भी कलेक्टर श्री अजीत बसंत के मार्गदर्शन में जोश टीम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में टीबी उन्मूलन की निगरानी हेतु नियुक्त प्रथम श्रेणी अधिकारी, पंचायती राज संस्थाओं के प्रतिनिधि, सरपंच, पंच, स्वास्थ्य अधिकारी एवं युवा स्वयंसेवक उपस्थित रहे। इस अवसर पर माई भारत के जिला नोडल अधिकारी प्रिंस एवं विभिन्न विकासखंडों में कार्यरत माई भारत स्वयंसेवकों को टीबी जनजागरूकता हेतु विशेष किट प्रदान की गई। जोश टीम में माई भारत के स्वयंसेवक एवं एनसीसी कैडेट शामिल होकर घर-घर टीबी के लक्षणों की पहचान, निःशुल्क जांच, उपचार, पोषण सहायता एवं शासकीय योजनाओं की जानकारी पहुंचाएंगे। टीम नोडल अधिकारियों के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग और पंचायत प्रतिनिधियों के साथ समन्वय स्थापित कर टीबी उन्मूलन अभियान को गति देगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जी. एस. सरवता ने बताया कि सरगुजा के सभी विकासखंडों में टीबी की आवश्यक जांच एवं निःशुल्क उपचार सुविधाएं उपलब्ध हैं। उन्होंने नागरिकों से टीबी मरीजों के प्रति किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं करने, उन्हें सहयोग एवं सम्मान देने तथा प्रत्येक पात्र मरीज तक शासन की पोषण सहायता एवं अन्य सुविधाओं का लाभ पहुंचाने की अपील की। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि स्वास्थ्य विभाग, युवा शक्ति, जनप्रतिनिधियों एवं समाज की सक्रिय सहभागिता से आने वाले समय में संपूर्ण सरगुजा जिले को टीबी मुक्त बनाने का लक्ष्य प्राप्त किया जा सकेगा।



सरगुजा टीम को सम्मानित करते स्वास्थ्य मंत्री।

स्वास्थ्य मंत्री ने दिया सम्मान

जिला क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के प्रभारी डॉ. शैलेन्द्र गुप्ता ने बताया कि सरगुजा जिले के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि रही कि वर्ष 2025 के लिए बतौली को टीबी मुक्त विकासखंड का सम्मान प्राप्त हुआ। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 8 अक्टूबर को प्रशस्ति-पत्र प्रदान किया गया। यह उपलब्धि कलेक्टर अजीत बसंत के मार्गदर्शन, खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. संतोष सिंह के अथक प्रयासों तथा स्वास्थ्य कर्मचारियों, मितानिनों, पंचायत प्रतिनिधियों एवं आम नागरिकों की सामूहिक सहभागिता का परिणाम है। कार्यक्रम में टीबी मरीजों को पोषण आहार वितरित किया गया तथा वर्ष 2025 में टीबी मुक्त ग्राम पंचायत का लक्ष्य प्राप्त करने वाली पंचायतों के सरपंचों को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा भेंट कर सम्मानित किया गया। जिले की कुल 449 ग्राम पंचायतों में बड़ी संख्या में पंचायतें टीबी मुक्त होने की उपलब्धि प्राप्त कर चुकी हैं। शेष पंचायतों को भी टीबी मुक्त बनाने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं।



आरागाही-ताम्बेश्वर नगर में फुटबॉल का महाकुंभ, 120 टीमों ने दिखाया दमखम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

क्षेत्र के आरागाही-ताम्बेश्वर नगर खेल मैदान में स्व. सूर्य प्रकाश नेताम स्मृति एवं दीन-हीन सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित विधानसभा स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का भव्य समापन हुआ। प्रतियोगिता में बलरामपुर और रामचंद्रपुर विकासखंड की 120 टीमों ने हिस्सा लिया। फाइनल मुकाबले में डौरा सुपर किंग ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया। आयोजन में हजारों की संख्या में दर्शक उपस्थित रहे, जिससे पूरा मैदान फुटबॉल के रोमांच से सराबोर रहा।

- उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने खेल मैदान के विकास के लिए की 3 करोड़ रुपये की घोषणा

समापन समारोह के मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री एवं खेल एवं युवा कल्याण मंत्री अरुण साव थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कृषि मंत्री एवं प्रतियोगिता के संरक्षक रामविचार नेताम ने की। सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अतिथियों ने खिलाड़ियों से मुलाकात कर उनका उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला डौरा सुपर किंग और बगरा-महावीरगंज के बीच खेला गया, जिसमें डौरा सुपर किंग विजेता बनी। विजेता टीम को 51 हजार रुपये नगद एवं कप प्रदान किया गया, जबकि उपविजेता टीम को 31 हजार रुपये और कप देकर सम्मानित किया गया। तीसरे स्थान पर रही बलरामपुर किंग्स को 15 हजार रुपये तथा चौथे स्थान पर रही बलरामपुर बवंडर की टीम को 11 हजार रुपये नगद एवं कप प्रदान किया गया। प्रतियोगिता में महिला खिलाड़ियों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। महिला वर्ग में चार टीमों ने हिस्सा ⏭ शेष पेज 4 पर



सरगुजा पुलिस ने 800 मॉडिफाइड साइलेंसर को रोड रोलर चलाकर किया नष्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सरगुजा में गोली चलने जैसी तेज आवाज निकालकर उत्पात मचाने वाले बाइकर्स गैंग के खिलाफ पुलिस ने कड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने अभियान चलाकर पिछले कुछ महीनों में आठ सौ मॉडिफाइड साइलेंसर जब्त किया है। जब्त किए गए मॉडिफाइड साइलेंसर को टीम द्वारा रोड रोलर चलाकर नष्ट किया गया है। इस कार्रवाई का उद्देश्य मॉडिफाइड साइलेंसर की बिक्री और उपयोग पर रोक लगाना है।

- बिक्री करने और लगाते पाए जाने पर दुकान संचालकों पर भी होगी कार्रवाई

बता दें कि सरगुजा में मॉडिफाइड साइलेंसर लगाकर बुलेट व अन्य बाइकर जमकर उत्पात मचा रहे है। गोली चलने जैसी कर्कश आवाज निकालकर बाइकर्स भय का माहौल पैदा करने के साथ ही लोगों की जान खतरे में डालने का काम कर रहे है। मॉडिफाइड साइलेंसर की कर्कश आवाज का बुरा असर बच्चों और बुजुर्गों की सेहत पर पड़ता है इसके साथ ही सड़क पर चल रही महिलाएं और युवतियां भी डर जाती है। मॉडिफाइड साइलेंसर लगाकर उत्पात मचाने वाले बाइकर्स के खिलाफ एसएसपी राजेश अग्रवाल ने अभियान चलाकर कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। एसएसपी के निर्देश पर पुलिस व यातायात की टीम ने जिलेभर में अभियान चलाकर पिछले कुछ माह में 800 मॉडिफाइड साइलेंसर को जब्त किया है। इन मॉडिफाइड साइलेंसर को शुक्रवार को रक्षित केंद्र में रोड रोलर चलवाकर नष्ट किया गया। इस दौरान एसएसपी श्री अग्रवाल ने बताया कि वाहन कंपनी द्वारा वाहन में लगाए गए ⏭ शेष पेज 4 पर

कोर्ट ने कहा-आरोपी सभ्य समाज में भेजने लायक नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

प्रधान आरक्षक तालिब शेख की पत्नी और बेटी की हत्या, दुष्कर्म के मामले में कुलदीप साहू समेत तीन आरोपियों को फांसी और चौथे आरोपी को आजीवन कारावास की सजा मिलने के बाद सरगुजा वासियों के साथ ही पुलिस परिवार में हर्ष का माहौल है। कोर्ट के फैसले का हर वर्ग ने स्वागत किया। इस बीच देर रात सूरजपुर जिले में पुलिस परिवार के साथ ही आम नागरिकों ने दीपावली मनाई। इस दौरान पुलिस परिवार, बच्चों और आम नागरिकों ने जमकर आतिशबाजी करने के साथ दीप जलाए।

- फैसले से पुलिस परिवार ने मनाया जश्न, दीप जलाने के साथ ही की आतिशबाजी
- 288 पेज का फैलसा, डीएनए सैम्पल व साक्ष्यों से आरोपी पहुंचे अंजाम तक

13 अक्टूबर 2024 की रात सूरजपुर जिले में पदस्थ प्रधान आरक्षक तालिब शेख की पत्नी और 13 साल की मासूम बच्ची के साथ की गई ⏭ शेष पेज 4 पर



आतिशबाजी करते पुलिस परिवार के बच्चे व अन्य।

परिजन ने कहा-फैसले से संतुष्ट

कोर्ट का फैसला आते ही हेड कॉन्स्टेबल और उसके परिजन भावुक हो गए। हेड कॉन्स्टेबल के भाई का कहना था कि हम कोर्ट के फैसले से संतुष्ट हैं, इसी फैसले की हमें उम्मीद थी। घटना के बाद से छोटा भाई टूट चुका था, उसे पूरे परिवार वालों ने संभाला। दोषी अब आगे कोर्ट की ओर रूख करेंगे तो हम भी अपना पक्ष रखेंगे। लास्ट तक हम पूरी कानूनी लड़ाई लड़ेंगे।

रेयर ऑफ द रेयरेस्ट मानते हुए दी सजा

मामले की सुनवाई में कोर्ट में विवेचना अधिकारी, फारेंसिक एक्सपर्ट, पोस्टमॉर्टम करने वाले डॉक्टरों सहित 51 गवाहों के बयान दर्ज किए गए। 288 पेज के फैसले में कोर्ट ने कहा कि मुख्य आरोपी कुलदीप साहू पर 22 मामले दर्ज हैं। दो अन्य आरोपियों का भी पूर्व में अपराधिक रिकार्ड रहा है। वारदात के बाद आक्रोशित सैकड़ों लोग विरोध में सड़क पर आए थे। मुख्य आरोपी का घर जला दिया था, जिसमें एफआईआर भी दर्ज की गई है। न्याय की आस में सैकड़ों की संख्या में लोग न्यायालय परिसर के बाहर मौजूद हैं। पीड़ित परिवार न्यायालय के दरवाजे पर अपनों को न्याय मिलने की आस में खड़ा है। कोर्ट ने कहा कि दोषी करार दिए जाने के बाद कोर्ट से बाहर निकलते हुए पत्रकारों के सामने मुख्य आरोपी की ओर से स्माइल गैस्चर देना यह बताता है कि उसे नृशंस वारदात का पश्चाताप नहीं है। कुलदीप साहू और अन्य दो आरोपी सभ्य समाज में भेजने लायक नहीं हैं। न्यायाधीश आनंद प्रकाश वारियाल ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से कोर्ट में पेश हुए आरोपियों को सजा सुनाई। कोर्ट ने मामले को 'रेयर ऑफ रेयरेस्ट' मानते हुए दोहरे हत्या के आरोप में तीनों आरोपियों को दोहरे मृत्युदंड की सजा सुनाई।

पुलिस परिवार की महिलाओं ने कहा: सभी सुरक्षित कर रहे महसूस

गुरुवार को कोर्ट से तीनों आरोपियों को फांसी और चौथे को उम्रकैदी की सजा का फैसला आने के बाद पूरे पुलिस परिवार में जश्न का माहौल है। पुलिस परिवार की महिलाओं, बच्चों के साथ ही आम नागरिकों ने देर रात दीपावली मनाई। पुलिस परिवार ने अपने घरों के बाहर दीप जलाने के साथ ही जमकर आतिशबाजी की और जश्न मनाया। इस दौरान पुलिस परिवार की महिलाओं ने इस फैसले का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि हमारे पति भी दिन रात ड्यूटी पर होते है और घटना के बाद हमारे अंदर भी डर का माहौल था। लोग बोल रहे थे कि पुलिस लोगों की रक्षा कर रही है लेकिन उनकी रक्षा के लिए कोई नहीं है लेकिन अब कोर्ट ने फैसले से साबित हुआ है कि पुलिस परिवार भी सुरक्षित है और डर का माहौल खत्म हुआ है।

मवेशी तस्करी का मास्टरमाइंड जितेंद्र गिरफ्तार, पहले से तीन मामले दर्ज

बलरामपुर। पुलिस ने जिले में चलाए जा रहे मवेशी तस्करों के खिलाफ अभियान में सफलता हासिल की है। पुलिस ने लम्बे समय से फरार चल रहे मवेशी तस्करी के सरगना को गिरफ्तार किया है। आरोपी मवेशी तस्करों के गिरोह में स्थानीय सप्लायर और एजेंट की भूमिका निभाता था। आरोपी के खिलाफ मवेशी तस्करी के तीन अन्य मामले पहले से दर्ज है।

- रघुनाथनगर पुलिस की कार्रवाई, 34 भैंस-भैंसों की तस्करी के मामले में आरोपी की तलाश थी

बता दें कि बलरामपुर जिले में मवेशी तस्करों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है। इस कार्रवाई में अब तक दर्जनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इसी बीच जिले के रघुनाथनगर पुलिस की टीम 16 सितंबर को क्षेत्र के गश्त पर निकली थी। इस बीच पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम केसारी से कुछ तस्कर मवेशियों को अवैध रूप से पैदल उत्तर प्रदेश ले जा रहे हैं। सूचना पर पुलिस टीम ने गांव में घेराबंदी की। पुलिस को देखकर आरोपियों ने भागने का प्रयास किया। कार्रवाई के दौरान केसारी निवासी 24 वर्षीय दीपक सोनवानी को गिरफ्तार



करने के साथ ही 34 भैंस एवं भैंसों को जब्त किया गया जबकि अन्य आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए थे। पुलिस इस मामले में अन्य आरोपियों की तलाश कर रही थी। पुलिस के अनुसार आरोपी केसारी निवासी जितेंद्र जायसवाल आ. हुकुमचंद जायसवाल का नाम सामने आया। आरोपी जितेंद्र स्थानीय ग्रामीणों और किसानों से कम कीमत पर मवेशी खरीदकर उन्हें एकत्र करता था तथा जंगलों में छिपाकर एक स्थान से दूसरे स्थान तक भेजने में भूमिका निभाता था। मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर आरोपी जितेंद्र जायसवाल को हिरासत में लिया गया। पुलिस के अनुसार आरोपी के विरुद्ध थाना रघुनाथनगर में मवेशी तस्करी से संबंधित तीन अन्य मामले दर्ज हैं। इन प्रकरणों में छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम, 2004 तथा पशु क्रूरता निवारण अधिनियम, 1960 के तहत कार्रवाई की गई थी। वर्तमान में बीएनएस की धारा 111(2), छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम की धारा 4, 6 एवं 10 तथा पशु क्रूरता निवारण अधिनियम की धारा 11(1)(घ) के तहत मामला दर्ज है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

एनएच 43 पर बिशुनपुर में हुआ हादसा

बेतरतीब ढंग से खड़े ट्रेलर से टकराई बाइक, दो युवकों की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

नेशनल हाईवे क्रमांक 43 पर गुरुवार की रात सड़क किनारे बेतरतीब ढंग से खड़े ट्रेलर से टकराकर बाइक सवार एक युवक की मौके पर मौत हो गई जबकि गंभीर रूप से घायल बाइक के पीछे बैठा दूसरे युवक ने मेडिकल कॉलेज अस्पताल अम्बिकापुर में दम तोड़ दिया। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है। साथ ही ट्रेलर को जब्त करते हुए चालक के विरुद्ध विभिन्न धाराओं के तहत अपराध दर्ज करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया है।

जानकारी के अनुसार लुण्ड्रा थाना अंतर्गत रघुनाथपुर ऊंचडीह टकरी पानी निवासी अशोक कुमार नागेश आ. सुमर नागेश (34 वर्ष) गुरुवार को चचेरा भाई संतोष नागेश के साथ बाइक से फाल सीलिंग का काम करने सीतापुर गए थे। काम करने के पश्चात दोनों शाम को वापस सीतापुर की ओर से घर लौट रहे थे और जैसे ही एनएच 43 बिशनपुर चौक के समीप पहुंचे तभी सड़क किनारे खड़े ट्रेलर वाहन क्रमांक टीएन 88 बी 4718 के पीछे जा घुसे। बाइक की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना को देख राहगीरों ने घायलों को सीतापुर अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत संतोष नागेश को मृत घोषित कर दिया वहीं अशोक की हालत नाजुक होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां आज सुबह घायल अशोक ने दम तोड़ दिया। एक साथ एक ही परिवार के दो युवकों की मौत हो जाने से गांव में शोक का माहौल है। इस मामले में पुलिस ने ट्रेलर क्रमांक टीएन 88 बी 4718 को जब्त करते हुए चालक के विरुद्ध धारा 281,125(ए), 106(1) के तहत अपराध दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।



लापरवाहीपूर्वक ट्रेलर खड़ा के कारण हादसा

ग्राम विशुनपुर में ढाबा के पास चालक द्वारा लापरवाहीपूर्वक ढंग से ट्रेलर खड़ी करने की वजह से यह हादसा हुआ। दरअसल ग्राम विशुनपुर में नेशनल हाईवे के किनारे एक ढाबा संचालित होता है। इस ढाबे में चालको को भोजन के अलावा गांजा शराब जैसा नशा भी परोसा जाता है। जिसकी वजह से दिन ढलते ही यहां लंबी दूरी की वाहनों की भीड़ लगनी शुरू हो जाती है। इस दौरान कई वाहन यातायात नियमों का उल्लंघन करते हुए आधी सड़क पर ही अपनी वाहन खड़ी कर देते है। जिसकी वजह से हमेशा दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।गुरुवार को हुए सड़क हादसे के पीछे भी चालक द्वारा लापरवाही पूर्वक सड़क किनारे ट्रेलर खड़ा करना बताया जा रहा है। इससे पूर्व भी ढाबे के आसपास बेतरतीब ढंग से खड़ी वाहनों की वजह से दुर्घटना का शिकार होकर लोग अपनी जान गंवा चुके है। इसके बाद भी यहां अव्यवस्थित तरीके से भारी वाहनों का खड़ा होना जारी है। लोगों का कहना है कि ढाबा के आसपास अव्यवस्थित ढंग से खड़ी वाहनों के विरुद्ध पुलिस को कार्रवाई करनी चाहिए ताकि दुर्घटना पर विराम लग सके।

घर के सामान को आग लगाने के बाद लगा लिया फांसी, मौत

अम्बिकापुर। कंचनपुर पटेलपारा निवासी कवल प्रसाद राजवाड़े आ. स्व. सुखदेव (57 वर्ष) गुरुवार को परिजन काम के सिलसिले में बाहर गए थे। जबकि कवल प्रसाद घर में अकेले था। इसी दौरान कवल प्रसाद पहले पेटी में रखे कपड़ा का घर के आंगन में फेंका फिर कुर्सियों को बाहर आंगन में रख दिया और कपड़ा और कुर्सियों में आग लगाकर कमरे में गया और दरवाजा अंदर से बंद कर फांसी लगा लिया। इधर घर से धुआं निकलते देख पड़ोसियों ने घटना की जानकारी परिजन को दी और दरवाजा खुलवाने का प्रयास किया। किसी तरह दरवाजा को खोज परिजन व पड़ोसी अंदर दाखिल हुए तो उनके होश उड़ गए। आंगन में सामान जल रहा था जबकि कमरे में कवल फांसी में मृत हालत में लटका हुआ था। घटना की सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और मामले में मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है। परिजन के मुताबिक कवल प्रसाद की दिमांगी हालत ठीक नहीं था।

अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गिरे बाइक सवार, पोता की मौत दादा घायल

अम्बिकापुर। जयनगर थाना अंतर्गत ग्राम बिहारपुर निवासी रूपनारायण आ. आलम पोर्ते (21 वर्ष) 5 अक्टूबर को दादा क पैर में दर्द होने पर इलाज कराने सोनगरा अस्पताल बाइक से लेकर गया था। अस्पताल में जांच व उपचार कराने के पश्चात युवक दादा को लेकर बाइक से घर लौट रहा था। जैसे ही बाइक सवार बिहारपुर बरगद पेड़ के समीप पहुंचे तभी युवक बाइक से नियंत्रण खो बैठा जिससे बाइक सवार अनियंत्रित होकर बाइक सहित सड़क किनारे गिर गए। दुर्घटना में दादा-पोतो घायल हो गए। इधर घटना की जानकारी लगने पर परिजन मौके पर पहुंचे और घायलों को लटोरी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने दोनों की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात रेफर कर दिया। परिजन घायलों को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां आज तड़के युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

खबर संक्षेप

सोनहत में कांग्रेस ने मनाया ब्लैक डे



सोनहत। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान एवं जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार शुक्रवार को सोनहत ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा ब्लैक डे मनाया गया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने लोकतंत्र, संविधान और सच पर हो रहे हमलों के विरोध में प्रदर्शन कर जमकर नारेबाजी की। कार्यक्रम का आयोजन सुबह 10 बजे पूर्व विधायक कार्यालय के सामने ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुरेश सिंह के नेतृत्व एवं उपस्थिति में किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने हाथों में कांग्रेस के झंडे और ब्लैक डे के पोस्टर लेकर विरोध जताया।

आंगनबाड़ी केन्द्र में आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम



बैकुण्ठपुर। नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 19 स्थित जूनापारा आंगनबाड़ी केन्द्र में 9 अक्टूबर को महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की रस्म संपन्न कराई गई। साथ ही 0 से 6 वर्ष तक के बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा एवं सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी गर्इं। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आंगनबाड़ी केन्द्र के माध्यम से महिलाओं एवं बच्चों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ना तथा समुदाय में स्वास्थ्य एवं पोषण के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। इस दौरान गर्भवती महिलाओं को मातृ स्वास्थ्य एवं पोषण के महत्व में बारे में जानकारी दी गई।

नई दिल्ली से खड़गवां तक जुड़ा टीबी मुक्त भारत अभियान



बैकुंठपुर। भारत को टीबी मुक्त बनाने के राष्ट्रीय अभियान में आज एमसीबी जिले ने जनभागीदारी की मजबूत मिसाल पेश की। सशक्त एमसीबी सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत जनपद पंचायत मैदान, खड़गवां में राज्य स्तरीय टीबी मुक्त भारत अभियान, जोश टीम लांच एवं टीबी मुक्त विकासखंड (संपूर्ण क्षय सुरक्षित) कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एक ओर नई दिल्ली के भारत मंडपम से टीमों के राष्ट्रीय शुभारंभ का लाइव वर्चुअल प्रसारण हुआ, वहीं दूसरी ओर जिले की 199 ग्राम पंचायतों में से 177 ग्राम पंचायतों के टीबी मुक्त होने की उपलब्धि का उत्सव मनाया गया। इस उपलब्धि के लिए संबंधित ग्राम पंचायतों के सरपंचों को मुख्य अतिथि स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल द्वारा गोल्ड, सिल्वर एवं ब्रॉन्ज श्रेणी में गांधी प्रतिमा तथा शाल-श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। राज्य स्तरीय कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छग शासन के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण एवं चिकित्सा शिक्षा तथा पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल रहे।

पैरालीगल वॉलंटियर्स पीएलवी का प्रशिक्षण कार्यक्रम

साइबर ठगी के पीड़ितों को मिलेगी निःशुल्क विधिक सहायता

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर



साइबर अपराध से पीड़ति व्यक्तियों को विधिक सहायता उपलब्ध कराने तथा ठगी गई राशि की वसूली की प्रक्रिया में सहयोग देने के उद्देश्य से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बैकुण्ठपुर द्वारा पैरालीगल वॉलंटियर्स (पीएलवी) का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष योगेश पारीक के मार्गदर्शन तथा प्राधिकरण की सचिव श्रीमती अमृता दिनेश मिश्रा के नेतृत्व में साइबर सेल के सहयोग से प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय के सभागार में आयोजित हुआ।

उच्चतम न्यायालय के आदेश दिनांक 4 अगस्त 2026 के अनुपालन में छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा साइबर अपराध पीड़ति व्यक्ति को विधिक सहायता एवं ठगी गई राशि की वसूली योजना, 2026 तैयार की गई है। इस योजना के अंतर्गत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बैकुण्ठपुर में साइबर कानूनी सहायता प्रकोष्ठ का गठन किया जाएगा। यह प्रकोष्ठ साइबर अपराध से पीड़ति व्यक्तियों को शिकायत दर्ज कराने से लेकर बैंक, साइबर पुलिस तथा न्यायालयीन स्तर पर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया में सहायता प्रदान करेगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम में साइबर सेल बैकुण्ठपुर, कोरिया के विशेषज्ञ शिवम सिंह ने सक्रिय पैरालीगल वॉलंटियर्स को साइबर अपराध, डिजिटल अरेस्ट, ऑनलाइन ठगी से बचाव तथा साइबर सुरक्षा के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने साइबर अपराध के विभिन्न तरीकों, उनसे बचने के उपायों और पीड़तिों को समय पर उचित सहायता उपलब्ध कराने के संबंध में प्रशिक्षित किया। प्रशिक्षण के बाद पैरालीगल वॉलंटियर्स आम नागरिकों के बीच पहुंचकर साइबर धोखाधड़ी की रोकथाम के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करेंगे। साथ ही, साइबर अपराध से पीड़ति जरूरतमंद व्यक्तियों की पहचान कर उन्हें जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से जोड़ेंगे और योजना के अंतर्गत उपलब्ध विधिक सहायता प्राप्त करने में सहयोग करेंगे। प्रस्तावित साइबर कानूनी सहायता प्रकोष्ठ में प्राधिकरण की सचिव, पैनल अधिवक्ता, पैरालीगल वॉलंटियर्स, साइबर पुलिस अधिकारी, बैंक के नोडल अधिकारी तथा संबंधित अभिलेखीय कर्मचारी शामिल होंगे। प्रकोष्ठ की जिम्मेदारी पीड़तिों को कानूनी सहायता उपलब्ध कराने, पुलिस एवं बैंक के साथ समन्वय स्थापित करने और मामलों की निगरानी करने की होगी। यदि साइबर ठगी की राशि किसी अन्य व्यक्ति के बैंक खाते में पहुंच जाती है, तो प्रकोष्ठ पीड़ति को संबंधित खातों की पहचान तथा प्रचलित कानूनी प्रक्रिया के तहत आवश्यक कार्रवाई में सहायता प्रदान करेगा।

ग्रामीण विकास कार्यों की गुणवत्ता से समझौता करें

जिपं सीईओ ने दर्जनभर ग्राम पंचायतों में पहुंचकर किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर



कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव के निर्देशानुसार जिले में शासन की विभिन्न योजनाओं के तहत स्वीकृत निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। इसी कड़ी में जिला पंचायत कोरिया के मुख्य कार्यपालन अधिकारी योगेन्द्र श्रीवास ने बैकुंठपुर विकासखंड की लगभग दर्जनभर ग्राम पंचायतों का सघन भ्रमण कर निर्माण कार्यों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न निर्माण कार्यों की प्रगति और गुणवत्ता का जायजा लेते हुए संबंधित निर्माण एजेंसियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान विभागीय अधिकारियों एवं जनपद पंचायत की टीम के सदस्य उपस्थित रहे। जिला पंचायत सीईओ योगेन्द्र श्रीवास ने ग्राम पंचायत जमगहना में सामुदायिक उपयोग के लिए बनाए जा रहे मुक्तिधाम शेड एवं बालिका शौचालय निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। इसके बाद ग्राम पंचायत डबरीपारा, डकईपारा, रनई और सारा में विभिन्न बालिका विद्यालयों में निमार्णाधीन शौचालयों की स्थिति का अवलोकन किया। उन्होंने ग्राम पंचायत तेंदुआ एवं डुमरिया पहुंचकर आंगनबाड़ी भवन निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान संबंधित निर्माण एजेंसियों को निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने तथा निर्माण में गुणवत्ता के निर्धारित मानकों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। ग्राम पंचायत सलवा में भ्रमण के दौरान सीईओ श्री श्रीवास ने एग्रीस्टैक के तहत पंजीयन करा रहे किसानों से आत्मीय संवाद किया। उन्होंने किसानों से खेती-किसानी से जुड़ी आवश्यकताओं तथा ग्रामीण क्षेत्रों में उपलब्ध सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। साथ ही किसानों को शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए पंजीयन प्रक्रिया के महत्व पर भी चर्चा की। अपने निरीक्षण भ्रमण के दौरान जिला पंचायत सीईओ ग्राम पंचायत सलवा में संचालित अटल डिजिटल सुविधा केंद्र भी पहुंचे। यहां उन्होंने केंद्र के संचालक से उपलब्ध सेवाओं एवं सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने ग्रामीणों को शासन की विभिन्न योजनाओं और सेवाओं का लाभ ऑनलाइन माध्यम से सहजता से उपलब्ध कराने पर जोर दिया। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ योगेन्द्र श्रीवास ने संबंधित निर्माण एजेंसियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि ग्रामीण विकास के कार्यों में गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता न किया जाए। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों के तहत निर्मित होने वाले भवनों एवं अन्य संसाधनों का वास्तविक लाभ तभी मिल सकेगा, जब उनका निर्माण निर्धारित मानकों के अनुरूप और तय समय-सीमा के भीतर पूरा किया जाएगा।

नवप्रवेशित छात्राओं ने गीत-नृत्य से बिखेरा प्रतिभा का रंग

बैकुण्ठपुर। शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय बैकुंठपुर में 8 अक्टूबर को बीए, बीएससी एवं बीकॉम प्रथम सेमेस्टर की नवप्रवेशित छात्राओं के स्वागत में फ्रेशर पार्टी का आयोजन उत्साह और उमंग के साथ किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं ने गीत, संगीत और नृत्य की आकर्षक प्रस्तुतियों से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजनीति शास्त्र विभाग के सहायक प्राध्यापक एवं प्रभारी प्राचार्य भारत सिंह ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ नवप्रवेशित छात्राओं के आत्मीय स्वागत के साथ हुआ। छात्राओं एवं उपस्थित शिक्षकों को तिलक लगाकर और बैज पहनाकर सम्मानित किया गया। स्वागत की इस परंपरा ने नवप्रवेशित छात्राओं को महाविद्यालय परिवार से जुड़ने का आत्मीय अवसर प्रदान किया। पूरे कार्यक्रम के दौरान छात्राओं में उत्साह और उल्लास का माहौल रहा। फ्रेशर पार्टी में छात्राओं ने विभिन्न गीतों, नृत्य और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी रचनात्मक एवं कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। छात्राओं की मनमोहक प्रस्तुतियों पर उपस्थित विद्यार्थियों और शिक्षकों ने तालियों के साथ उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के माध्यम से छात्राओं को पढ़ाई के साथ अपनी कला, रचनात्मकता और आत्मविश्वास को निखारने का अवसर मिला। कार्यक्रम में डॉ. सुमित कुमार डे, वरुण कुमार कुशवाहा, रितेश कुमार गुप्ता, डॉ. पवन कुमार उपाध्याय, डॉ. ज्ञान चंद्र पाल, डॉ. ऋचा श्रीवास्तव आदि शामिल रहे।



गोंडवाना रानी दुर्गावती का जन्मोत्सव मना



हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़

समीपस्थ ग्राम पंचायत सिरौली में राष्ट्र की महान क्रांतिकारी वीरांगना रानी दुर्गावती का जन्मोत्सव बड़े उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ रानी दुर्गावती की प्रतिमा पर अतिथियों द्वारा माल्यार्पण एवं चंदन-रोली लगाकर पूजा-अर्चना के साथ किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व जिला पंचायत सदस्य एवं अध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज जिला एमसीबी शरण सिंह ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि रानी दुर्गावती भारतीय इतिहास की महान वीरांगना, अद्भुत शक्ति, शौर्य और स्वाभिमान की प्रतीक थीं। गोंडवाना राज्य की रानी दुर्गावती का जन्म 5 अक्टूबर 1524 को तत्कालीन कालिंजर राज्य के चंदेल राजवंश के राजा कीरत सिंह के घर हुआ था। रानी दुर्गावती को बचपन से ही तेजस्वी एवं कुशाग्र बुद्धि की धनी बताया जाता है। उन्हें घुड़सवारी, तीरंदाजी और युद्धकला का विशेष प्रशिक्षण प्राप्त था। विवाह के बाद उन्होंने गढ़ा-मंडला (गोंडवाना) राज्य की जिम्मेदारी संभाली। राजा दलपत शाह की असामयिक मृत्यु के बाद पुत्र वीर नारायण के कम उम्र में होने के कारण रानी ने लगभग 16 वर्षों तक स्वयं राज्य का कुशल संचालन किया। उनके शासनकाल में कानून व्यवस्था, सीमा सुरक्षा, कृषि और सिंचाई पर विशेष ध्यान दिया गया। जल संरक्षण के लिए कई कुएं, बावली और बांध बनवाए गए। गढ़ा-मंडला को समृद्ध और शक्तिशाली राज्य के रूप में पहचान मिली। वर्ष 1564 में आसफ खान के नेतृत्व में मुगल सेना ने गढ़ा-मंडला पर आक्रमण किया। रानी दुर्गावती ने अदम्य साहस के साथ मुगल सेना का मुकाबला किया। युद्ध में गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद उन्होंने आत्मसमर्पण नहीं किया और मातृभूमि तथा स्वाभिमान की रक्षा के लिए अपना बलिदान दे दिया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि कोरिया गोंड समाज पचासी के अध्यक्ष तेजमान सिंह, कृष्णा सिंह एवं पूर्व सरपंच अमोल सिंह ने भी संबोधित किया। वक्ताओं ने रानी दुर्गावती को गोंड समाज का आन-बान-शान तथा नारी समाज का रोल मॉडल बताते हुए उनके आदर्शों को जीवन में अपनाने का आह्वान किया।

दंडात्मक कार्रवाई के विरोध में पटवारी संघ ने खोला मोर्चा



अनूपपुर। पटवारियों के विरुद्ध सेवा समाप्ति, निलंबन एवं अन्य दंडात्मक कार्रवाई के विरोध में पटवारी संघ ने आंदोलन का रुख अख्तियार कर लिया है। संघ ने कलेक्टर अनूपपुर को ज्ञापन सौंपकर अनिश्चितकालीन हड़ताल का ऐलान किया है। साथ ही, मांगें पूरी होने तक ऑनलाइन राजस्व कार्यों से विरत रहने का निर्णय लिया है। पटवारी संघ के अनुसार, देवास सहित प्रदेश के अन्य जिलों में पटवारियों के विरुद्ध की जा रही दंडात्मक कार्रवाई अनुचित है। संघ ने इन कार्रवाइयों को तत्काल वापस लेने की मांग उठाते हुए संबंधित अधिकारियों से मामले में हस्तक्षेप कर उचित निर्णय लेने की अपील की है। संघ ने स्पष्ट किया है कि जब तक उनकी मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया जाता और दंडात्मक कार्रवाई वापस नहीं ली जाती, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। इस संबंध में कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर संघ ने अपनी मांगों से अवगत कराया है। पटवारी संघ के अनिश्चितकालीन हड़ताल के ऐलान से जिले में राजस्व विभाग के कामकाज पर असर पड़ने की आशंका है। ऑनलाइन राजस्व कार्यों से पटवारियों के विरत रहने की स्थिति में आम नागरिकों को भूमि संबंधी प्रकरणों, राजस्व अभिलेखों तथा अन्य जरूरी राजस्व सेवाओं के लिए परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। अब देखना होगा कि प्रशासन संघ की मांगों पर क्या रुख अपनाता है और आंदोलन को समाप्त कराने के लिए क्या कदम उठाए जाते हैं।

पटेल कॉलेज के 30 छात्रों का संजीवनी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल रायपुर में कैंपस सिलेक्शन

हरिभूमि न्यूज. डोमनहिल



चिरमिरी स्थित प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान के.बी. पटेल कॉलेज ऑफ नर्सिंग के नाम एक और बड़ी उपलब्धि जुड़ गई है। कॉलेज में आयोजित हालिया कैंपस प्लेसमेंट इंटरव्यू में संस्थान के कुल 30 छात्र-छात्राओं का चयन रायपुर के सुप्रसिद्ध संजीवनी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में हुआ है।

इस चयन प्रक्रिया में बीएससी नर्सिंग चतुर्थ वर्ष (8वां सेमेस्टर) और जीएनएम तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया था, जिसमें उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर हॉस्पिटल प्रबंधन ने उन्हें नियुक्त किया है। इतनी बड़ी संख्या में छात्रों का चयन होना पूरे क्षेत्र और कॉलेज के लिए बेहद हर्ष और गौरव का विषय है। गौरतलब है कि यह गौरवमयी शिक्षण संस्थान वर्ष 2011 से निरंतर संचालित है। कॉलेज से शिक्षा प्राप्त कर उत्तीर्ण हुए छात्र आज न केवल देश के विभिन्न राज्यों में, बल्कि विदेशों के भी जाने-माने और प्रतिष्ठित अस्पतालों में नर्सिंग ऑफिसर व अन्य प्रमुख पदों पर अपनी सेवाएं दे रहे हैं और क्षेत्र का नाम रोशन कर रहे हैं। इस अभूतपूर्व सफलता पर संस्था के चेयरमैन चंद्रकांत पटेल ने चयनित सभी छात्र-छात्राओं को फोन के माध्यम से विशेष बधाई संदेश दिया। उन्होंने कहा कि बच्चों की यह सफलता उनकी कड़ी मेहनत और कॉलेज के फैकल्टी के सही मार्गदर्शन का परिणाम है। कॉलेज के डायरेक्टर विश्वजीत बारीक ने सभी चयनित बच्चों को अपना आशीर्वाद देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा, आप जीवन में जहां भी कार्य करें, पूरी ईमानदारी, दिल और मन लगाकर करें। आपका सेवा भाव ही आपकी असली पहचान बनेगा। संस्थान की प्रिंसिपल डॉ. प्रियंशु सिंह थॉमस ने भी सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल और सफल करियर की कामना की। उन्होंने कहा कि कॉलेज आगे भी विद्यार्थियों को देश के सर्वश्रेष्ठ अस्पतालों में रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध रहेगा। इस बड़ी उपलब्धि से कॉलेज स्टाफ, विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों में खुशी की लहर है।

लोकतंत्र की रक्षा के लिए कांग्रेस ने मनाया काला दिवस



बैकुण्ठपुर। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश तथा जिला कांग्रेस कमेटी के आदेशानुसार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बैकुंठपुर ग्रामीण के तत्वावधान में लोकतंत्र एवं लोकतांत्रिक संस्थाओं की रक्षा के लिए काला दिवस मनाते हुए धरना-प्रदर्शन कर विरोध जताया गया। कार्यक्रम में कांग्रेस पदाधिकारियों, कार्यकतार्ओं एवं ग्रामीणों ने भाग लिया। प्रदर्शन में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष यवत सिंह, महामंत्री बृजवासी तिवारी, उपाध्यक्ष शैलेंद्र सिंह, जिला पिछड़ा वर्ग कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण साहू, किसान कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष संतोष गोयन, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष रमाशंकर कुशवाहा, पूरन सिंह, बच्चा लाल, पूर्व जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष चांदनी सोनी, श्रीमती सविता सोलंकी, सचिव विजय बघेल, पटना मंडल अध्यक्ष परेश सिंह, बुढ़ार मंडल अध्यक्ष राजू भगत, बड़गांव मंडल अध्यक्ष रामसाय सोरी, ओडगी मंडल कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मोहन यादव, राजीव गांधी पंचायत राज के प्रभारी श्रीमती संगीता राजवाड़े एवं ब्लॉक महामंत्री अमन देवांगन प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

बेटियों के आत्मविश्वास बढ़ाने सरकारी कार्यालयों का भ्रमण

बैकुण्ठपुर। जिला महिला एवं बाल विकास विभाग के द्वारा बिटिया अभियान के माध्यम से बेटियों के आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता को बढाने हेतु उन्हें सरकारी कार्यालयों का भ्रमण कराया गया। बेटियों को सरकारी कार्यालयों में भ्रमण कराए जाने से उन्हे प्रशासनिक व्यवस्था और जनसेवा को समझने का अवसर मिला एवं इसके साथ ही उनमें नीति निर्माण और नेतृत्व के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित हुआ, तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के बेटी बचाओं बेटी पढाओं योजना अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों, कार्यक्रमों का आयोजन करते हुए बालिकाओं को सशक्त बनाने व उनकी उत्तरजीविता को सुनिश्चित करने का प्रयास किया गया। बेटीयों को सरकारी कार्यालयों में भ्रमण से बलिकाओं को उनके अधिकारों एवं कार्यक्षेत्र हेतु जागरूक किया गया। जिसमें 07 अक्टूबर 2026 को जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास जिला कोरिया, साईबर सेल थाना बैकुण्ठपुर एवं कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी बैकुंठपुर के कार्यालयों में सेजेस पोड़ी बचरा, उ.मा.वि. सारा एवं उ. मा.वि. जामपानी का भ्रमण कराया गया। तथा 08 अक्टूबर 2026 को कार्यालय जनपद पंचायत सोनहत, कार्यालय खण्ड शिक्षा अधिकारी सोनहत एवं खण्ड चिकित्सा अधिकारी तथा एकीकृत बाल विकास परियोजना सोनहत के कार्यालयों में शा.उ.मा.वि. रामगढ़, शा.उ.मा.वि. अकलासरई एवं शा.उ.मा.वि. सुन्दरपुर के बालिकाओं को भ्रमण कराया गया।

TOP IN SURGUJA


हमारी सेवाएं
गर्भावस्था की सम्पूर्ण देखभाल
सुरक्षित प्रसव सुविधा
बांझपन परामर्श एवं उपचार
पीसीओडी/पीसीओएस उपचार
महिला रोगों की जांच व इलाज
सोनोग्राफी एवं आधुनिक सुविधाएं
डिलीवरी (नार्मल एवं सिजेरियन)
गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALITY HOSPITAL
CREATING HEALTHY TOMORROW
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
9424250281 | 8120906000 | 8120809000
समय :- सुबह 11:00 बजे से शाम 05 बजे तक
अब महिलाओं की हर समस्या का सम्पूर्ण समाधान !
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ की सम्पूर्ण सुविधाएं उपलब्ध
DR. SONAL DUBEY
MBBS, MS
(OBSTETRICS & GYNAECOLOGY LAPAROSCOPIC SURGEON)


INSTITUTE OF PHARMACY RESEARCH CENTRE
ADMISSION OPEN LIMITED SEAT
ACADEMIC SESSION 2026-27
फार्मेसी काउंसलिंग के प्रथम चरण हेतु तिथियां
COURSES
D.Pharmacy 2 years (science & math +PPHT)
B.Pharmacy 4 years (science & math +PPHT)
D.Pharmacy 3 years (Lateral Entry D.Pharmacy)
फार्मेसी में अपना भविष्य उज्जवल बनाएं अभी कॉल करें
पंजीयन (Registration) 01 सितंबर से 05 सितंबर तक
मेरिट लिस्ट जारी 06 सितंबर 2026
दावा आपत्ति 07 सितंबर 2026
आबंटन/रिजल्ट 08 सितंबर 2026
प्रवेश 09 सितंबर 2026 से 11 सितंबर 2026 तक
Add: Krishnapur Kalua Bharuhamunda Road Dist- Surajpur (C.G.)
9165265258, 8889110739, 9244175446


PUSHPENDRA COLLEGE OF PHARMACY AMBIKAPUR
ADMISSION OPEN LIMITED SEAT
ACADEMIC SESSION 2026-27
फार्मेसी काउंसलिंग के प्रथम चरण हेतु तिथियां
COURSES
D.Pharmacy 2 years (science & math +PPHT)
B.Pharmacy 4 years (science & math +PPHT)
D.Pharmacy 3 years (Lateral Entry D.Pharmacy)
फार्मेसी में अपना भविष्य उज्जवल बनाएं अभी कॉल करें
पंजीयन (Registration) 01 सितंबर से 05 सितंबर तक
मेरिट लिस्ट जारी 06 सितंबर 2026
दावा आपत्ति 07 सितंबर 2026
आबंटन/रिजल्ट 08 सितंबर 2026
प्रवेश 09 सितंबर 2026 से 11 सितंबर 2026 तक
Add: Lalmati Lundra, Ambikapur Dist- Surajpur (C.G.)
9407634704, 7509172393


सरगुजा मार्केट
डॉ. तुषार जैन
M.B.B.S, MD. (पल्मोनरी मेडिसीन)
(सर जे.जे. ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल, मुम्बई)
श्वॉस, एलर्जी, छाती, निद्रा एवं टी.बी. रोग विशेषज्ञ
कोरोना एवं स्वाइन फ्लू के पश्चात होने वाली समस्याओं का परामर्श एवं निदान
दिनाँक - 11 अक्टूबर, 2026
दिन - रविवार सुबह 10 बजे से 5 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन नं.- 7354260555
प्राकृतिक उपचार • आयुर्वेदिक समाधान • बेहतर जीवन
आप परेशान क्यों हैं ?
वारसी शिफा
खाना रूहानी जड़ी-बूटी द्वारा इलाज
अगर दवा काम नहीं करती तो आज ही मिलिए हकीमुल्क जनाब वारसी साहब के साहबजादे से अपने वालिद से 35 वर्षों का अनुभव प्राप्त कर कई सालों से सेवा देते आ रहे हैं अनेक बे औलादों को औलाद प्राप्त हुई किसी भी साया का बुरा असर भुत-प्रेत, पति-पत्नी के झगड़े, मोहब्बत, दिमागी परेशानी, कारोबार में बरकत के लिए, गर्भ न ठहरना, नामर्दगी, रूहानी एवं जड़ी-बूटी द्वारा
बीमारियों से छुटकारा पाने के लिए मिलिए
परामर्श शुल्क 500₹
मिलने का समय:- दोपहर 2 बजे से रात्रि 8 बजे तक
विशेष लाभ
रूहानी जड़ी-बूटी से इलाज
प्राकृतिक एवं सुरक्षित उपचार
बिना ऑपरेशन, बिना साइड इफेक्ट
मृत और विश्वसनीय सेवा
पता - वारसी मंजिल, महामाया प्रवेश द्वार, शहीद अब्दुल हमीद चौक वारसी नगर रिंग रोड अम्बिकापुर, जिला- सरगुजा (छ.ग.)
मो. 9753266386
आपका विश्वास हमारी पहचान
डॉ. शिवानी सिंघल
MBBS, MD Pediatrics
देश के श्रेष्ठतम संस्थान PGIMER चंडीगढ़ से प्रशिक्षित नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
OPD समय: सुबह 10:00 बजे – 2:00 बजे शाम 5:00 बजे – 7:00 बजे
प्रकाश हॉस्पिटल
मो. 9713667433, 9617247433

खबर संक्षेप



अग्रसेन जयंती समारोह में हुआ महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा का विमोचन

सूरजपुर। अग्रवाल समाज के अग्रकुल प्रवर्तक महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा अब समाज के हर घर तक पहुंचाने की अनूठी पहल की गई है। श्री अग्रसेन जयंती महोत्सव के अवसर पर आयोजित समारोह में इस विशेष पहल का विधिवत विमोचन किया गया। इसका उद्देश्य समाज के प्रत्येक परिवार को महाराजा अग्रसेन के आदर्शों, सिद्धांतों और सामाजिक समरसता के संदेश से जोड़ना है। अग्रसेन जयंती समारोह के दौरान अध्यक्ष अमृत लाल अग्रवाल के जन्मदिवस पर उनके द्वारा अग्रजो को भेंट की जाएगी। विमोचन कार्यक्रम में समाज के पदाधिकारी एवं अग्रजजन उपस्थित रहे। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि महाराजा अग्रसेन केवल अग्रवाल समाज के आराध्य ही नहीं, बल्कि त्याग, सेवा, समानता, सहयोग और समाजवाद के प्रेरणास्रोत हैं। इस दौरान अग्रवाल सभा अध्यक्ष अमृतलाल अग्रवाल, सचिव राजेश महलवाला, आयोजन समिति अध्यक्ष सुनील अग्रवाल, महिला मंडल अध्यक्ष ममता गर्ग, नवयुवक समिति अध्यक्ष गौरीश जिंदल, कोषाध्यक्ष संजय केजरीवाल, उपाध्यक्ष मुकेश गर्ग, अंकुर गर्ग, स्वयं गोयल, रजत अग्रवाल, कान्हा सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

सेवा सेतु अभियान के तहत दी गई शासन की योजनाओं की जानकारी

कुसमी। नगर पंचायत में सेवा सेतु अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अतिथियों का नगर पंचायत के अधिकारी कर्मचारी द्वारा माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। नगर पंचायत के सभी वार्ड के वार्ड वासी सहित मुख्य अतिथियों की उपस्थिति में कार्यक्रम की शुरुआत की गई। सभी विभाग के अधिकारी कर्मचारी सहित एसडीएम बालेश्वर राम द्वारा शासन की योजनाओं की विस्तृत रूप से जानकारी और योजनाओं का लाभ उठाने की बात कही। कार्यक्रम में भाजपा नेता जन्मजय सिंह, नगर पंचायत उपाध्यक्ष आनंद जायसवाल द्वारा केंद्र एवं राज्य की भाजपा सरकार के सभी योजनाओं के संबंध में बताया। कार्यक्रम के दौरान महिला बाल विकास विभाग द्वारा गोद भराई रस्म पूरा करते हुए अपने विभाग से संबंधित सभी जानकारी दी। नगर पंचायत द्वारा 2 हितग्राहियों को प्रधान मंत्री आवास की प्रमाणपत्र देते हुए समयावधि में घर का निर्माण करने पर उन्हें उनके घर की चाबी सौंपी गई। सेवा सेतु अभियान के तहत कुल 16 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें में विद्युत विभाग से नए ट्रांसफार्मर लगाने की मांग करते हुए नाली निर्माण एवं सीसी सड़क निर्माण की मांग की गई। साथ ही मुद्रा योजना के तहत लोन प्राप्त करने हेतु आवेदन भी दिया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन एवं आभार नगर पंचायत के मुख्य नगरपालिका अधिकारी अरविंद विश्वकर्मा द्वारा किया गया। इस दौरान तहसीलदार रॉकी एक्का, नायब तहसीलदार अनुराग केरकेट्टा, मुख्य नगरपालिका अधिकारी अरविंद विश्वकर्मा, बीईओ मनोज गुप्ता, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी नन्द कुमार गुप्ता,नगर पंचायत उपाध्यक्ष आनंद जायसवाल, संजय जायसवाल, राकेश भारती, मो. शमीम, राजेश्वर गुप्ता, पारस पाल, अनिल सिन्हा, अंजू सिन्हा, परियोजना अधिकारी सहित बड़ी संख्या में सभी विभाग के अधिकारी कर्मचारी व ग्रामीण मौजूद रहे।

गड्ढों से बदहाल सड़कें धूल से बेहाल जनता

अंबिकापुर। कांग्रेस नेता परवेज आलम गांधी ने उपमुख्यमंत्री अरुण साव के अंबिकापुर दौरे पर कहा कि अंबिकापुर की सड़कों पर बड़े-बड़े गड्ढे, कीचड़ और जगह-जगह बनी डबरियों से नागरिक पहले ही परेशान हैं। अब उड़ती धूल ने उनकी मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। ऐसे में उपमुख्यमंत्री जी से शहरवासियों की एक छोटी-सी गुहार है।



सड़क मत बनाइए साहब, कम से कम झाड़ू ही लगवा दीजिए ताकि शहरवासियों को उड़ती धूल से राहत मिल सके और वे स्वच्छ हवा में साँस ले सकें। परवेज आलम गांधी ने कहा कि सड़कें कब बनेंगी, गड्ढे कब भरेंगे और अंबिकापुर की सूरत कब बदलेगी, यह तो भविष्य के गर्भ में है। लेकिन फिलहाल नियमित सफाई और धूल पर नियंत्रण के उपाय करके जनता को राहत तो दी ही जा सकती है। उन्होंने कहा कि शहर की समस्याओं का निरीक्षण तभी सार्थक होगा, जब उसके बाद धरातल पर सुधार दिखाई दे।

मुख्य चुनाव आयुक्त को पद से हटाने की मांग, कांग्रेसियों ने मनाया काला दिवस

कुसमी। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में लोकतंत्र की रक्षा एवं हालिया घटनाक्रम के विरोध में काला दिवस मनाते हुए धरना-प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष हरीश मिश्रा के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। धरना प्रदर्शन के दौरान कांग्रेसियों ने इंडिया गठबंधन के 300 सांसदों के साथ हुए कथित दुर्व्यवहार तथा उन्हें लोकतांत्रिक तरीके से अपनी बात रखने से रोके जाने की घटना पर विरोध किया। कांग्रेसियों ने कहा कि लोकतंत्र में जनप्रतिनिधियों को अपनी बात रखने का पूरा अधिकार है और किसी भी निर्वाचित प्रतिनिधि के साथ दुर्व्यवहार लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए उचित नहीं है। कार्यक्रम के दौरान मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पद से पृथक किए जाने तथा पूरे मामले में न्यायोचित कार्रवाई किए जाने की मांग को लेकर राष्ट्रपति के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष राजेंद्र भगत, श्रवण गुप्ता, पंकज दुबे, खसरू बुनकर, सिराजुल, फरीद खान, रमेश पाण्डे, मुजस्सम नजर, संतोष इंजीनियर, सोनू अली, वेदान्त भारती, राशीद आलम, जफर इकबाल,हसीना, बबली, गीता नाग, पूर्णिमा, अनुराग सहित अन्य उपस्थित रहे।

करोड़ों की लागत से निर्माण के बाद भी नहीं हुआ कार्यालय का संचालन

एक दशक पूर्व बना वन परिक्षेत्राधिकारी कार्यालय भवन हुआ खंडहर में तब्दील

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजनगर

वन विभाग की कार्यालय व्यवस्थित रूप से संचालित हो इसे लेकर शासन द्वारा रामानुजनगर में वन परिक्षेत्राधिकारी कार्यालय का निर्माण कराया गया था। हैरान की बात तो यह है कि कार्यालय भवन निर्माण हुए एक दशक होने को है लेकिन आज तक नवनिर्मित भवन में कार्यालय का संचालन नहीं हो सका। करोड़ों की लागत से कराए गए भवन देख रेख के अभाव में खंडहर में तब्दील होने लगा है। ऐसे में समय रहते भवन की देख रेख और कार्यालय संचालन नहीं किया गया तो भवन की हालत और भी दयनीय हो सकती है।

खास बात
- रखरखाव के अभाव में भवन हो रहा जर्जर

वन विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़ा करता एक मामला रामानुजनगर मुख्यालय में सामने आया है। यहां लगभग एक दशक पूर्व करोड़ों रुपये की लागत से वन परिक्षेत्राधिकारी कार्यालय के लिए नवनिर्मित भवन तैयार कराया गया था, लेकिन निर्माण के बाद से ही यह भवन उपयोगहीन पड़ा हुआ है। विभागीय स्तर पर कार्यालय का संचालन इस भवन में शुरू नहीं किए जाने के कारण अब यह भवन धीरे-धीरे खंडहर में तब्दील होता जा रहा है। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि शासन की राशि से वन परिक्षेत्राधिकारी कार्यालय के लिए भवन का निर्माण कराया गया था। भवन बनने के बाद लोगों को उम्मीद थी कि वन विभाग का कार्यालय व्यवस्थित रूप से यहां संचालित होगा और शासकीय भवन का समुचित उपयोग किया जाएगा। लेकिन निर्माण के बाद से ही भवन में तालाबंदी की स्थिति बनी हुई है। लोगों का कहना है कि वन परिक्षेत्र अधिकारी कार्यालय संचालन होने से इसका लाभ क्षेत्र के लोगों को मिलता। रामानुजनगर में ही कार्यालय होने से क्षेत्र के लोगों को कार्यालयीन कार्य के लिए दूर नहीं जाना पड़ता। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते भवन की देखरेख नहीं की गई तो आने वाले दिनों में भवन की हालत और भी जर्जर हो जाएगी।



जर्जर वन परिक्षेत्राधिकारी।

टूट रही सीढ़ियां, दीवारों पर जमी काई

देखरेख और नियमित रखरखाव के अभाव में भवन की स्थिति लगातार खराब होती जा रही है। भवन के सामने की सीढ़ियां टूटकर बिखरने लगे हैं। बाहरी दीवारों सहित भवन के अधिकांश हिस्से पर काई जम गई है। वहीं अंदर भी जर्जर स्थिति निर्मित होने लगी है। यदि समय रहते भवन की मरम्मत और उपयोग शुरू नहीं किया गया तो आने वाले समय में इसकी स्थिति और अधिक खराब होने की आशंका है।

शासकीय राशि के उपयोग पर उठ रहे सवाल

स्थानीय लोगों और जनप्रतिनिधियों का कहना है कि जिस उद्देश्य से शासन द्वारा बड़ी राशि खर्च कर भवन का निर्माण कराया गया था, वह उद्देश्य अब तक पूरा नहीं हो सका है। वर्षों से भवन के उपयोग में नहीं आने के कारण सरकारी संपत्ति की स्थिति खराब हो रही है। ऐसे में भवन निर्माण पर खर्च की गई शासकीय राशि के प्रभावी उपयोग को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं।

भवन को शीघ्र उपयोग में लाने की मांग

जनप्रतिनिधियों ने मांग की है कि वन विभाग द्वारा मामले को गंभीरता से लेते हुए नवनिर्मित भवन की स्थिति का निरीक्षण कराया जाए तथा आवश्यक मरम्मत कराकर इसे तत्काल वन परिक्षेत्राधिकारी कार्यालय के संचालन में लाया जाए। इससे एक ओर शासकीय संपत्ति को पूरी तरह जर्जर होने से बचाया जा सकेगा, वहीं दूसरी ओर जिस उद्देश्य के लिए भवन का निर्माण कराया गया था, वह भी पूरा हो सकेगा।

नपं शिवनंदनपुर को 2.33 करोड़ रुपए के 31 विकास कार्यों की मिली स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

नगर पंचायत शिवनंदनपुर में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण पहल हुई है,नगर पंचायत क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में सड़क,नाली, कल्वर्ट और अन्य निर्माण कार्यों के लिए कुल 2 करोड़ 33 लाख 44 हजार रुपये की प्राविधिक स्वीकृति प्रदान की गई है। इसके तहत 31 विकास कार्य कराए जाएंगे, संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास,छत्तीसगढ़ द्वारा 6 अक्टूबर को इस संबंध में आदेश जारी किया गया है, महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े के मार्गदर्शन तथा नगर पंचायत अध्यक्ष रितेश जायसवाल के प्रयासों से विकास कार्यों को स्वीकृति मिली है। इसे नगर पंचायत क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है।

- उपाध्यक्ष ने विकासकार्यों में भेदभाव का लगाया आरोप

जारी आदेश के अनुसार, नगर पंचायत के विभिन्न वार्डों में सीसी सड़क, आरसीसी नाली, कल्वर्ट निर्माण और पेवर ब्लॉक फ्लोरिंग सहित अन्य कार्य कराए जाएंगे। इन निर्माण कार्यों का उद्देश्य वार्डों में आवागमन को सुगम बनाना, जल निकासी की समस्या दूर करना और नागरिकों को बेहतर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराना है। स्वीकृत कार्यों में वार्ड क्रमांक 5, 6 और 7 सहित विभिन्न वार्डों में नाली निर्माण, वार्ड क्रमांक 8 में शांतिनगर मुख्य मार्ग से ओम शांति तक सीसी सड़क निर्माण तथा वार्ड क्रमांक 13 में कर्मकांड स्थल पर पेवर ब्लॉक फ्लोरिंग का कार्य शामिल है। इसके अलावा वार्ड क्रमांक 10, 11, 14 और 15 में भी सड़क एवं नाली निर्माण के विभिन्न कार्य कराए जाएंगे। कई वार्डों में घरों और मोहल्लों को जोड़ने वाली नालियों के निर्माण का भी प्रावधान किया गया है। गौरतलब है कि नगर पंचायत क्षेत्र में सड़क और नाली की बेहतर व्यवस्था लंबे समय से नागरिकों की प्रमुख जरूरतों में शामिल रही है,विशेषकर बारिश के दौरान जलभराव, जल निकासी और मोहल्लों में आवागमन से जुड़ी समस्याओं के समाधान में इन निर्माण कार्यों की महत्वपूर्ण भूमिका हो सकती है। स्वीकृति मिलने से संबंधित वार्डों में विकास कार्यों को आगे बढ़ाने का रास्ता साफ हुआ है।

भेदभाव करने का आरोप

नगर पंचायत शिवनंदनपुर के उपाध्यक्ष अंशुल गोयल ने निकाय क्षेत्र में दो करोड़ तैंतीस लाख के विकास कार्यों की स्वीकृति पर कहा कि विकास कार्यों की स्वीकृति में भी भेदभाव किया गया ह, वार्डों में एक भी कार्य नहीं तो किन्हीं वार्डों में एक से अधिक कार्य स्वीकृत किए गए हैं,वार्ड क्रमांक 2 एवं 3 में एक भी कार्य स्वीकृत नहीं किया गया है,उन्होंने कहा कि परिषद के 14 जुलाई को पहली बैठक में जिन कार्यों के प्रस्ताव लिए गए थे उनमें एक कार्य का भी स्टीमेट आज तक तैयार नहीं किया गया है,उन्होंने सीएमओ और उप अभियंता के कार्यशैली को उदासीन बताते हुए कहा कि जनहित के जुड़े मामलों में तेजी और जवाबदेही जरूरी है।

विधवा को अंत्योदय कार्ड बनने के बाद भी प्राप्त नहीं हो पा रहा राशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने के दावों के बीच भैयाथान जनपद के ग्राम राईं से एक संवेदनशील मामला सामने आया है। यहां एक बेसहारा विधवा महिला का अंत्योदय राशन कार्ड बने पांच माह बीत चुके हैं, लेकिन अब तक उसके कार्ड पर शासकीय खाद्यान्न का आबंटन शुरू नहीं हो सका है। कार्ड हाथ में लेकर महिला हर महीने राशन दुकान के चक्कर काट रही है, लेकिन तकनीकी आबंटन नहीं होने की बात कहकर उसे वापस लौटा दिया जाता है।

- तकनीकी खामी का झेलना पड़ रहा दंश
- विगत कई महीनों से खाद्य विभाग से लगा रही गुहार, ऑनलाइन खाद्यान्न प्रदर्शित नहीं होने का बताया जा रहा मुख्य कारण



ग्राम राई निवासी दिनो बाई, पति स्व. सो बि त राम, पति की मृत्यु के बा द म ज दू री कर किसी त र ह अपना जीवन यापन कर रही हैं। आर्थिक रूप से बेहद कमजोर दिनों बाई को शासन की अंत्योदय योजना के तहत राशन कार्ड स्वीकृत किया गया। जून 2026 में जनपद पंचायत भैयाथान से कार्ड का प्रिंट भी उन्हें उपलब्ध करा दिया गया। कार्ड मिलने के बाद दिनों बाई को उम्मीद थी कि अब कम से कम दो वक्त के भोजन की चिंता कुछ कम होगी, लेकिन पांच महीने बाद भी उनकी स्थिति जस की तसबनी हुई है। राशन लेने जब वह उचित मूल्य की दुकान पहुंचती हैं तो कार्ड में ऑनलाइन आबंटन प्रदर्शित नहीं होने की बात कहकर उन्हें खाद्यान्न नहीं दिया जाता।

दूसरों को मिला राशन, इन्हें इंतजार

दिनों बाई का कहना है कि उनके बाद जारी हुए कुछ अन्य राशन कार्डधारियों को खाद्यान्न मिलना शुरू हो गया है, लेकिन उनका कार्ड बनने के बावजूद अब तक उन्हें राशन नहीं मिल पाया है। ऐसे में अंत्योदय कार्ड होने के बावजूद सरकारी खाद्यान्न से वंचित रहना व्यवस्था की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़ा कर रहा है। लगातार पांच माह तक राशन नहीं मिलने से परेशान दिनों बाई अब जिला मुख्यालय पहुंचीं और खाद्य विभाग के अधिकारी को लिखित आवेदन सौंपकर अपने कार्ड में जल्द से जल्द ऑनलाइन खाद्यान्न आबंटन शुरू कराने की मांग की। उन्होंने चावल, शक्कर और चना सहित योजना के तहत मिलने वाले खाद्यान्न का लाभ दिलाने की गुहार लगाई है। कार्ड हाथ में होने के बावजूद पांच माह से खाद्यान्न के लिए भटक रही दिनों बाई की स्थिति सरकारी योजनाओं के जमीनी क्रियान्वयन पर भी सवाल खड़े करती है।

10वीं वाहिनी में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता एवं तनाव प्रबंधन पर कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस एवं सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम टीम द्वारा मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता सप्ताह मनाया जा रहा है।जागरूकता सप्ताह 5 से 10 अक्टूबर तक आयोजित किया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत 10 वीं वाहिनी छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल कनकपुर सिलफिली में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता एवं तनाव प्रबंधन कार्यशाला का आयोजन वर्ष 2026 के विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस विभिन्न थीम पर आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट सचिन मातुरकर एवं सोशल वर्कर प्रियंका मंडल द्वारा जवानों एवं कर्मचारियों को मानसिक स्वास्थ्य के महत्व तथा तनाव के प्रभावी प्रबंधन के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि मानसिक स्वास्थ्य व्यक्ति की सोच, भावनाओं, व्यवहार, निर्णय क्षमता, कार्यक्षमता तथा पारिवारिक एवं सामाजिक संबंधों से जुड़ा महत्वपूर्ण पक्ष है।मानसिक रूप से स्वस्थ व्यक्ति कठिन परिस्थितियों में धैर्य, आत्मविश्वास और सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ बेहतर निर्णय लेने में सक्षम होता है। कार्यशाला में बताया गया कि सुरक्षा बलों के जवानों को चुनौतीपूर्ण ड्यूटी, कार्य का दबाव, सतत सतर्कता, पारिवारिक दूरी, अनियमित कार्य-समय एवं अन्य परिस्थितियों के कारण तनाव का अनुभव हो सकता है। तनाव को कमजोरी नहीं, बल्कि एक सामान्य मानवीय प्रतिक्रिया के रूप में समझते हुए उसका समय पर प्रबंधन करना आवश्यक है। लंबे समय तक बना तनाव व्यक्ति की नींद, एकाग्रता, व्यवहार, शारीरिक स्वास्थ्य एवं कार्यक्षमता को प्रभावित कर सकता है।जवानों को तनाव के प्रारंभिक लक्षणों जैसे लगातार चिंता या उदासी, चिड़चिड़ापन, नींद में कमी, अत्यधिक थकान, मन न लगना, एकाग्रता में कमी, नकारात्मक विचार तथा सामाजिक दूरी की पहचान के संबंध में जागरूक किया गया। साथ ही जानकारी दी गई कि ऐसे लक्षण दिखाई देने पर समस्या को छिपाने के बजाय परिवारजन, विश्वसनीय सहकर्मी अथवा मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ से समय पर परामर्श लेना चाहिए। तनाव प्रबंधन के उपायों पर चर्चा करते हुए नियमित योग, प्राणायाम एवं व्यायाम, पर्याप्त नींद, संतुलित आहार, समय प्रबंधन, सकारात्मक सोच, मनोरंजन एवं रुचिकर गतिविधियों के लिए समय निकालने तथा परिवार और सहकर्मियों के साथ संवाद बनाए रखने की सलाह दी गई।कार्यशाला में 10 वीं वाहिनी के प्रशांत सिंह, डॉ.विनीत सिंह, कंपनी कमांडर चंद्रेश नेताम, प्लाटून कमांडर बैगा राम प्रशिक्षण स्टाफ एवं रिफ्रेशर कोर्स 10 वें कर सत्र में सम्मिलित 40 अधिकारी व कर्मचारी सक्रिय रहे।



सीपीआर और फस्ट ऐड से बचती है जिन्दगी : डॉ.श्रीकांत

अम्बिकापुर। कार्डियक अरेस्ट, पल्मोनरी बंद होना, दर्द की समस्या आने पर व्यक्ति अचेत हो जाता है। ऐसी स्थिति में उसे तुरंत सीपीआर की जरूरत होती है। ये बातें शुक्रवार को श्री साई बाबा आदर्श स्नातकोत्तर महाविद्यालय में यूथ रेडक्रॉस सोसायटी और रेड रिबन क्लब के तत्वावधान में सेवा संकल्प अभियान के तहत आयोजित सीपीआर और प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण के दौरान जिला चिकित्सालय के चिकित्सक डा. श्रीकांत सिंह चौहान ने कही। उन्होंने कहा कि फस्ट ऐड और सीपीआर सामान्य जानकारी है जिसे जानने वाला विशेष स्थितियों में किसी की जान बचा सकता है। उन्होंने कहा कि बेसिक लाइफ सपोर्ट की जानकारी सभी के लिए जरूरी है। वर्तमान में जिले के बस ड्राइवर, पुलिस के साथ विद्यार्थियों को लगातार प्रशिक्षित किया जा रहा है। डा. श्रीकांत ने कहा कि फस्ट ऐड में दर्द नियंत्रण, रक्तस्राव रोकना, घायल अंगों को हिलने से बचाना, संक्रमण को रोकना जरूरी है। उन्होंने इस दौरान विद्यार्थियों को सीपीआर का प्रशिक्षण स्लाइड शो के माध्यम से दिखाया।



विश्वविद्यालय ने असाइनमेंट शुल्क का निर्णय लिया वापस, परीक्षार्थियों को मिलेगा लाभ

अंबिकापुर। संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालयए सरगुजा ने छात्रहित में निर्णय लेते हुए सत्र 2026-27 की दिसंबर सेमेस्टर परीक्षा के ऑनलाइन आवेदन शुल्क में बड़ा संशोधन किया है। विश्वविद्यालय ने परीक्षा आवेदन के दौरान लिया जा रहा 100 रुपये प्रति प्रश्नपत्र असाइनमेंट शुल्क समाप्त कर दिया है। इस निर्णय से विद्यार्थियों को लगभग 400 से 500 रुपये तक की आर्थिक राहत मिलेगी। विश्वविद्यालय के कुलसचिव द्वारा जारी अधिसूचना में कहा गया है कि दिसंबर 2026 की सेमेस्टर परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 1 अक्टूबर से 25 अक्टूबर तक निर्धारित की गई है। विद्यार्थी विश्वविद्यालय के आधिकारिक पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

विश्वविद्यालय को कई महाविद्यालयों के प्राचार्यों और छात्र संगठनों से जानकारी मिली थी कि ऑनलाइन परीक्षा आवेदन के दौरान निर्धारित परीक्षा शुल्क के अतिरिक्त प्रायोगिक विषयों और असाइनमेंट के शुल्क के कारण विद्यार्थियों को अधिक राशि का भुगतान करना पड़ रहा है। इससे छात्रों पर अतिरिक्त आर्थिक भार पड़ रहा था। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए कुलपति प्रो. राजेन्द्र लाकपाले ने छात्रहित को ध्यान में रखकर असाइनमेंट शुल्क को ऑनलाइन पोर्टल से हटाने के निर्देश दिए। इसके बाद प्रति प्रश्नपत्र 100 रुपये की दर से लिया जाने वाला असाइनमेंट शुल्क समाप्त कर दिया गया है। हालांकि परीक्षा शुल्क और प्रति प्रायोगिक विषय 100 रुपये का शुल्क पहले की तरह लागू रहेगा। कुलपति ने विद्यार्थियों से परीक्षा फार्म समय से भरे जाने का आह्वान किया।

- हरिभूमि ने प्रकाशित की थी खबर

दंडात्मक कार्रवाई के विरोध में पटवारी संघ ने खोला मोर्चा



अनूपपुर। पटवारियों के विरुद्ध सेवा समाप्ति, निलंबन एवं अन्य दंडात्मक कार्रवाई के विरोध में पटवारी संघ ने आंदोलन का रुख अख्तियार कर लिया है। संघ ने कलेक्टर अनूपपुर को ज्ञापन सौंपकर अनिश्चितकालीन हड़ताल का ऐलान किया है। साथ ही, मांगें पूरी होने तक ऑनलाइन राजस्व कार्यों से विरत रहने का निर्णय लिया है। पटवारी संघ के अनुसार, देवास सहित प्रदेश के अन्य जिलों में पटवारियों के विरुद्ध की जा रही दंडात्मक कार्रवाई अनुचित है।

संघ ने इन कार्रवाइयों को तत्काल वापस लेने की मांग उठाते हुए संबंधित अधिकारियों से मामले में हस्तक्षेप कर उचित निर्णय लेने की अपील की है। संघ ने स्पष्ट किया है कि जब तक उनकी मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया जाता और दंडात्मक कार्रवाई वापस नहीं ली जाती, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। इस संबंध में कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर संघ ने अपनी मांगों से अवगत कराया है। पटवारी संघ के अनिश्चितकालीन हड़ताल के ऐलान से जिले में राजस्व विभाग के कामकाज पर असर पड़ने की आशंका है। ऑनलाइन राजस्व कार्यों से पटवारियों के विरत रहने की स्थिति में आम नागरिकों को भूमि संबंधी प्रकरणों, राजस्व अभिलेखों तथा अन्य जरूरी राजस्व सेवाओं के लिए परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। अब देखना होगा कि प्रशासन संघ की मांगों पर क्या रुख अपनाता है और आंदोलन को समाप्त कराने के लिए क्या कदम उठाए जाते हैं।

विधायक ने किया आंबा भवन का लोकार्पण, पहाड़ी कोरवा परिवारों को कराया गृह प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

सामरी विधायक उद्देश्वरी पैकरा ने शुक्रवार को जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत आरा के आश्रित ग्राम धवईबांध में नवनिर्मित आंगनबाड़ी भवन का लोकार्पण किया। वहीं, ग्राम पंचायत घटगांव में प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान (पीएम-जनमन) योजना के तहत निर्मित प्रधानमंत्री जनमन आवासों में पहाड़ी कोरवा परिवारों को गृह प्रवेश कराया। धवईबांध में आंगनबाड़ी भवन का निर्माण ग्राम पंचायत आरा द्वारा कराया गया है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में स्वीकृत इस भवन की लागत 11.69 लाख रूपए है। निर्माण कार्य 15 नवंबर 2025 को प्रारंभ हुआ था और जो 19 सितंबर 2026 को पूर्ण हुआ। भवन के लोकार्पण से क्षेत्र के बच्चों और महिलाओं को आंगनबाड़ी सेवाओं के संचालन के लिए बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी। इस अवसर पर जनपद पंचायत उपाध्यक्ष आकाश अग्रवाल, भाजपा मंडल अध्यक्ष जितेंद्र जायसवाल, आरा के उपसरपंच अजीमुद्दीन अंसारी, सहित ककना, अमड़ीपारा, बाड़ा और घटगांव के सरपंच एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

- धवईबांध आंगनबाड़ी भवन 11.69 लाख से बना है आंबा भवन



पहाड़ी कोरवा परिवारों के घर पहुंचीं विधायक

ग्राम पंचायत घटगांव में विधायक ने पीएम-जनमन योजना के तहत नवनिर्मित आवासों का फीता काटकर हितग्राहियों को गृह प्रवेश कराया। इनमें शिवधर पहाड़ी कोरवा, दिलसाय पहाड़ी कोरवा और लल्लू पहाड़ी कोरवा के परिवार शामिल रहे। विधायक ने हितग्राहियों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं और जरूरतें जानीं। आवास मिलने पर पहाड़ी कोरवा परिवारों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार जताया। कार्यक्रम में जनपद सीईओ संजय दुबे, ब्लॉक समन्वयक विक्की गुप्ता, एपीओ कृष्ण गुप्ता, सचिव समीमुद्दीन अंसारी, घटगांव के सरपंच-उपसरपंच, अन्य पंचायत प्रतिनिधि, सचिव तथा बड़ी संख्या में पहाड़ी कोरवा समाज के महिला-पुरुष और ग्रामीण उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

जीएसटी 2.0 के माध्यम से व्यापारियों को बड़ी राहत : शर्मा

अम्बिकापुर। केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में जीएसटी काउंसिल की 57 वीं मीटिंग में लिए गए निर्णय ईज़ ऑफ



डूइंग बिजनेस की संकल्पना को साकार करते हुए व्यापारी बंधुओं को व्यापार की सरलता प्रदान करने के साथ देशहित में मिल का पत्थर साबित होगा। भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक और टैक्स बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अभिषेक शर्मा ने कहा है कि प्रधानमंत्री के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए जीएसटी व्यवस्था को और अधिक सरल, पारदर्शी, तेज एवं व्यापार हितैषी बनाने की दिशा में लिए गए निर्णय निश्चित रूप से देश के व्यापार जगत में नई ऊर्जा और विश्वास का संचार करेंगे।। आगे उन्होंने बताया कि रिफंड प्रक्रिया में तेजी, ईमानदार व्यापारियों के आई टी सी की सुरक्षा, छोटे व्यापारियों को आपराधिक कार्रवाई से राहत तथा जीएसटी पंजीयन प्रक्रिया को और मजबूत बनाने जैसे निर्णय यह स्पष्ट करते हैं कि मोदी सरकार की प्राथमिकता देश का व्यापारी, उद्योग और आर्थिक विकास है। श्री शर्मा ने कहा कि रजिस्ट्रेशन एवं संशोधन की प्रक्रिया आसान होने से व्यापारी बंधु दबाव मुक्त होंगे, एक समिति का गठन किया जाएगा जो इस मुद्दे की जांच करेगी कि एक सही खरीदार जो बिल पर माल खरीदा है एवं सही भुगतान किया है उसे सुरक्षा देना पहली प्राथमिकता है।

प्रेमनगर महाविद्यालय में हुआ आभार एवं संकल्प की रंगोली कार्यक्रम



प्रेमनगर। सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत शासकीय नवीन महाविद्यालय प्रेमनगर में विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रतिभा, सामाजिक चेतना एवं राष्ट्र निर्माण की भावना को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से सेवा के रंग राष्ट्र के संगः आभार एवं संकल्प की रंगोली कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्रशासनिक अधिकारी रेखा जायसवाल ने की। कार्यक्रम में महाविद्यालय के 62 विद्यार्थियों ने अपनी कलात्मक क्षमता का परिचय देते हुए एक विशाल व भव्य मुख्य रंगोली सहित अनेक मनमोहक रंगोलियों का निर्माण किया, जबकि इस पूरे आयोजन के दौरान 255 विद्यार्थी उपस्थित रहकर कार्यक्रम के साक्षी बने। रंगोलियों में आधुनिक भारत, शिक्षा, तकनीक, कृषि, महिला सशक्तिकरण और युवाओं की भूमिका को प्रमुखता से दर्शाया गया, जिससे पूरा महाविद्यालय परिसर सामाजिक जागरूकता के रंगों से सराबोर हो उठा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य श्रीमती नयन सिरदार उपस्थित रहीं। विशिष्ट अतिथियों में जनपद उपाध्यक्ष श्रीमती पुनिया राजवाड़े,श्रीमती पूर्णा जायसवाल, विजय सिरदार, जनभागीदारी अध्यक्ष महेंद्र कुमार यादव, बीडीसी श्रीमती किरण साहू, श्रीमती कंचन सिरदार,गणेश सिरदार एवं श्री सुखसाय रओतिया सहित अन्य मौजूद रहे।

द्वितीय चरण की जनसंख्या गणना के लिए प्रशिक्षण 12 से

बलरामपुर। जनगणना-2027 के द्वितीय चरण में जनसंख्या गणना का मैदानी कार्य जनवरी-फरवरी 2027 में किया जाएगा। भारत सरकार, गृह मंत्रालय के जनगणना कार्य निदेशालय, छत्तीसगढ़ के निर्देश पर इस कार्य के सुचारू संचालन के लिए जिले में दो दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। जिला पंचायत बलरामपुर के सभाकक्ष में मास्टर ट्रेनर्स अनुविभागीय जनगणना अधिकारियों, चार्ज अधिकारियों, तकनीकी सहायकों और जनगणना लिपिकों को प्रशिक्षण देंगे। प्रशिक्षण दो चरणों में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक चलेगा। पहले चरण में 12 और 13 अक्टूबर को सामरी, कुसमी, चांदो, शंकरगढ़ और राजपुर के समस्त अनुविभागीय जनगणना अधिकारी एवं चार्ज अधिकारी, तकनीकी सहायक व जनगणना लिपिक शामिल होंगे। दूसरे चरण में 14 और 15 अक्टूबर को डौरा-कोचली, बलरामपुर, चलगली, रामानुजगंज, वाड्रफनगर, रामचन्द्रपुर और रघुनाथनगर चार्ज के अधिकारी-कर्मचारी प्रशिक्षण लेंगे।

ग्राम पंचायत दहेजवार चौक के समीप स्टेट हाईवे की सड़क जर्जर

सड़क के फुटपाथ के जमीन पर अवैध कब्जा, पानी निकासी के लिए नहीं है नाली

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर

नगर सीमा से लगे ग्राम पंचायत दहेजवार हिंदू चौक के समीप आसपास घरों से निकलने वाला गंदा पानी सड़क पर बहने से न सिर्फ राहगीरों की परेशानी बढ़ा दी है बल्कि स्टेट हाईवे की मुख्य मार्ग लगातार पानी बहने से क्षतिग्रस्त हो गई है। एक ओर जहां लोग दुर्गंध से परेशान है वहीं दूसरी ओर जर्जर सड़क के कारण हर समय दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। ऐसा नहीं है कि क्षेत्र के लोगों ने पानी निकासी के लिए नाली निर्माण की मांग नहीं की है बावजूद इसके इस ओर ध्यान नहीं देने से लोग जर्जर व दुर्गंध के बीच आवागमन करने को मजबूर है।

खास बातें
- दुर्गंध के व गंदा पानी के बीच राहगीर आवागमन करने को मजबूर
- क्षेत्र के लोगों ने की नाली निर्माण कराने की मांग

जिले के सबसे बड़े ग्राम पंचायत दहेजवार जो जिला मुख्यालय के नगर सीमा से लगा हुआ है।इस ग्राम पंचायत से होकर स्टेट हाईवे की सड़क बलरामपुर मुख्यालय से चांदो से कुसमी तक जाती है और इसी स्टेट हाईवे की सड़क के किनारे दहेजगार ग्राम पंचायत बसा हुआ है यहां ग्राम पंचायत जिला मुख्यालय की नगर सीमा से लगा हुआ है। पंचायत के हिंदू चौक के पास सड़क किनारे रहने वाले लोगों के घरों का गंदा पानी निकालने की वजह से स्टेट हाईवे के सड़क पूरी तरह से खराब हो गई है। ऐसे में मार्ग से आवागमन करने वाले लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क के बीच गंदा पानी एकत्र होने तथा पानी की वजह से गड्ढे हो जाने पर राहगीर न सिर्फ दुर्घटना के शिकार हो रहे बल्कि सड़कों पर पानी भर जाने की स्थिति में लोग सड़क के एक किनारे से आना-जाना करते जिससे आमने-सामने वाहनों टक्कर हो जाने संभावना बनी रहती है। इसके अलावा लोगों को घर से निकलने वाले गंदा पानी की बदबू से परेशानी होती है और बीमारियों का संक्रमण खतरा बना हुआ है। पंचायत के लोगों द्वारा व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए पंचायत स्तर से लेकर के जिला स्तर पर मांग किया है लेकिन कई साल बीत गए परंतु व्यवस्था दुरुस्त नहीं हो सका। व्यवस्था दुरुस्त नहीं होने के वजह से सड़क की स्थिति दिनो दिन और भी दयनीय होती जा रही है। ऐसे में समय रहते पानी निकासी के लिए नाली निर्माण नहीं किया गया तो सड़क की स्थित और भी खराब हो सकती है। लोगों का कहना है कि हिंदू चौक के समीप दुर्गा पंडाल लगाया जाता है और इसी जगह बैंक,पीएमजीएसवाई का कार्यालय भी है। इसके अलावा एडिशनल साहब का बंगला, निजी स्कूल भी है। ऐसे में कई आला अधिकारी और बड़ी संख्या में लोगों का आना-जाना रहता है। त्योहारी सीजन होने के कारण गंदा पानी का दुर्गंध इतना है कि लोगों का इस मार्ग से गुजरना मुश्किल है। लोगों का कहना है कि इस गंदा पानी की वजह से पंडाल पर आने जाने वाले लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है।



गड्ढे में तब्दील हाइवे सड़क।

नहीं किया गया है नाली निर्माण

हिंदू चौक के पास रहने वाले लोगों का कहना है कि स्टेट हाईवे की तरफ से जब सड़क बना तो यहां पर नाली ही निर्माण नहीं कराया गया। शहरी क्षेत्र से गुजरने वाले स्टेट हाईवे सड़क किनारे नाली का निर्माण करना आवश्यक होता है लेकिन विभाग की तरफ से नाली निर्माण नहीं हुआ। पानी निकासी नही होने के कारण घर का गंदा पानी नाली नहीं से सड़क पर ही बहता है। पंचायत के लोग द्वारा कई बार जिला प्रशासन और संबंधित विभाग के अलावा जनप्रतिनिधियों से मांग की जा चुकी है लेकिन वर्षों गुजर रहा जा रहे हैं समस्या का समाधान नहीं हो रहा है। प्रशासन का दावा है कि यहां पर जल्द ही नाली का निर्माण कराया जाएगा और सड़कों पर बहने वाले गंदा पानी को नाली पर डिस्पैच किया जाएगा। ऐसे दावे प्रशासन के तरफ से कई बार किया जा चुका हैं लेकिन समस्या यथावत बना हुआ है।

सड़क के फुटपाथ पर अवैध कब्जा

नियमानुसार स्टेट हाईवे के सड़क किनारे शहरी क्षेत्र में नाली होना अनिवार्य है। घरों का गंदा पानी सड़क पर बहाना कानूनन अपराध है। सड़क पर पानी बहाने वाले के ऊपर जुर्माने का प्रावधान भी है लेकिन यहां पर ऐसा कुछ भी नियमों का पालन नहीं हुआ है। बताया जा रहा है कि सड़क के फुटपाथ पर कई लोगों द्वारा अवैध अतिक्रमण किया गया है। ग्राम पंचायत सहित जनपद पंचायत के आला अधिकारियों तक इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं जिसका खामियाजा ग्राम पंचायत के लोगों को भुगतना पड़ रह है।

किया गया नाप जोक

एक सप्ताह पहले पीडब्ल्यूडी विभाग के तरफ से वहां पर सड़क की नाप जोक और अतिक्रमण हटाने के लिए बुलाया गया था। ताकि वहां पर नाली निर्माण हो सके। उस स्थान पर जल्द नई निर्माण का प्रारंभ होगा।

-**अमित श्रीवास्तव**, हल्का पटवारी

नाली निर्माण की हुई है स्वीकृति

विधायक मद से लगभग 7 लाख की राशि से यहां पर 100 मीटर की ढक्कन सहित नाली निर्माण की स्वीकृति प्राप्त हो गई है। हिंदू चौक से पेट्रोल पंप तक नाली का निर्माण होना है। अगले एक सप्ताह के अंदर यहां पर कार्य प्रारंभ हो जाएगा। नानी निर्माण होने से लोगों को गंदगी से राहत मिलेगी।

-**दिलीप गुप्ता**, सचिव ग्राम पंचायत दहेजवार



पार्षद की निगरानी में छठपूजा से पहले घाट एवं तालाब की सफाई शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

आगामी दिनों में होने वाले छठ पूजा को देखते हुए छठ घाट में सफाई अभियान शुरू हो गया है। वार्ड पार्षद नीरू मिस्त्री की निगरानी में घाट एवं तालाब की सफाई कराई जा रही है।ताकि समय से पूर्व तालाब एवं घाट की साफ सफाई कराते हुए छठपूजा से पहले इसे तैयार किया जा सके। विदित हो कि अगले महीने चार दिवसीय छठ महापर्व 13 नवंबर से 16 नवंबर तक मनाया जाएगा जिसको लेकर महामाया वार्ड क्र-10 में बाजारडांड स्थित सार्वजनिक तालाब में सफाई अभियान शुरू कर दिया गया है। तालाब में जिस कदर गंदगी व्याप्त है उसे देखते हुए बाहर से सफाईकर्मी बुलाये गये है।ताकि घाट एवं तालाब के अंदर जमा गंदगी की अच्छे से सफाई की जा सके।तालाब में चल रहे सफाई अभियान की निगरानी स्वयं पार्षद नीरु मिस्त्री कर रही है।इनकी देखरेख एवं दिशानिर्देश में सफाईकर्मी तालाब में सफाई अभियान चला रहे हैं।

गंदगी से अटा पड़ा है तालाब

सार्वजनिक उपयोग एवं निस्तार के लिए बाजारडाँड़ स्थित दशको पुराना तालाब पूरी तरह गंदगी से अटा पड़ा है लोग अपने घरों का कूड़ा करकट,पूजा के बाद बचा अवशेष लाकर तालाब में डाल देते हैं।इसके अलावा साप्ताहिक बाजार बुधवार को तालाब किनारे लगने वाला मछली एवं मुर्गा दुकान के अवशेष भी इसी में डाल दिया जाता है।जिसकी वजह से तालाब का पानी काफी दूषित एवं बदबूदार हो गया है।नगर पंचायत के समझाइश के बाद भी लोग मानने को तैयार नही है।आज भी लोग अपने घरों का कूड़ा करकट लाकर तालाब में डाल रहे है।जिसकी वजह से सार्वजनिक उपयोग के काम आने वाला यह दशकों पुराना तालाब अनुपयोगी हो गया है।

पेज 1 के शेष...

आरागाही-ताम्बेश्वर नगर में...

लिया। फाइनल मुकाबला धनवार मिशन और तेतरडीह के बीच खेला गया। महिला वर्ग की विजेता टीम को 25 हजार रुपये तथा उपविजेता टीम को 15 हजार रुपये का पुरस्कार दिया गया। समारोह को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने आरागाही-ताम्बेश्वर नगर खेल मैदान के विकास के लिए 3 करोड़ रुपये देने की घोषणा की। साथ ही नगरीय निकाय क्षेत्रों में विभिन्न विकास कार्यों के लिए बलरामपुर को 6 करोड़ रुपये और रामानुजगंज को 5 करोड़ रुपये देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के गांव-गांव में खेल प्रतिभाएं मौजूद हैं। राज्य सरकार इन प्रतिभाओं को उचित मंच, सुविधाएं और प्रोत्साहन देने के लिए प्रतिबद्ध है। सरगुजा ओलंपिक जैसे आयोजन ग्रामीण क्षेत्रों के खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि बलरामपुर और रामानुजगंज में इंडोर स्टेडियम तथा सनावल और डिन्डो में क्रिकेट स्टेडियम की स्वीकृति से जिले में खेल अधोसंरचना को मजबूती मिलेगी। कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने स्व. सूर्य प्रकाश नेताम को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उनकी स्मृति में आयोजित होने वाली यह प्रतियोगिता क्षेत्र की खेल परंपरा का महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुकी है। उन्होंने कहा कि फुटबॉल इस अंचल की धड़कन है।

सरगुजा पुलिस ने 800...

मूल साइलेंसर में किसी भी प्रकार का बदलाव करना मोटर व्हीकल एक्ट का उल्लंघन है। इसके लिए वाहन चालकों पर भारी समन शुल्क की कार्रवाई के साथ-साथ प्रकरण को न्यायालय भी पेश किया जाता है। उन्होंने सभी ऑटो पार्ट्स संचालक, मैकेनिक और गैरेज स्वामियों कों हिदायत दी गई है कि यदि किसी दुकान पर वाहनों में अवैध रूप से मॉडिफाइड साइलेंसर बेचते या लगाते पाया जाता है तो संबंधित दुकानदारों के खिलाफ भी अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

कोर्ट ने कहा-आरोपी..

हैवानियत के मामले में दो साल बाद 2 अक्टूबर को फैसला आया। स्पेशल कोर्ट फास्ट ट्रैक पोक्सो एक्ट आनंद प्रकाश वारियल ने इस हत्याकांड को क्रूर से क्रूरतम माना। कोर्ट ने आरोपी कुलदीप साहू, चंद्रकांत उर्फ सीके चौधरी, फूल सिंह उर्फ रिंकू सिंह को फांसी की सजा सुनाई है जबकि आरोपी आर्यन विश्वकर्मा को आजीवन कारावास की सजा दी है। कोर्ट में की गई सुनवाई के दौरान पुलिस द्वारा पेश के गए साक्ष्यों से इस बात की पुष्टि हुई कि आरोपियों ने प्रधान आरक्षक की पत्नी के साथ पहले दुष्कर्म किया और फिर चाकू से उसकी हत्या कर दी गई। इसके साथ ही मां को बचाने आई बच्ची को भी आरोपियों ने पकड़कर बेरहमी से चाकू गोदकर मार डाला। बड़ी बात यह है कि इस पूरे घटनाक्रम का कोई भी साक्षी नहीं था लेकिन परिस्थिति जन्य साक्ष्य और आरोपियों के डीएनए से पूरा घटना क्रम सामने आया। पुलिस की ओर से पेश किए गये साक्ष्य के अनुसार आरोपी कुलदीप साहू, चंद्रकांत उर्फ सीके चौधरी और फूल सिंह दरवाजा तोड़कर हेड कॉन्स्टेबल के घर घुसे थे। मुख्य आरोपी कुलदीप साहू ने हेड कॉन्स्टेबल की पत्नी से रेप किया। डीएनए रिपोर्ट में इसकी पुष्टि हुई है। दो अन्य आरोपियों की ओर से रेप किए जाने के फारेंसिक सबूत मिले हैं। आरोपियों ने हेड कॉन्स्टेबल की पत्नी पर चाकू से 33 और बेटी पर 28 बार वार किया। नाबालिग के साथ यौन हिंसा के सबूत नहीं मिले। सबूतों के आधार पर बताया गया है कि जब दोनों को निर्वस्त्र अवस्था में कार में डाला गया तब तक वे जिंदा थे। दोनों को आरोपियों ने पीढ़ा में खेत के किनारे फेंक दिया था। दोनों का शव 14 अक्टूबर की सुबह मिला था।

संत गहिरा गुरु यूनिवर्सिटी की फीस वृद्धि के खिलाफ सिलफिली में विद्यार्थियों ने किया विरोध प्रदर्शन

बिश्रामपुर। संत गहिरा गुरु यूनिवर्सिटी सरगुजा द्वारा की गई फीस वृद्धि के विरोध में छात्र-छात्राओं का आक्रोश सामने आया है,विद्यार्थियों के हितों से जुड़े इस मुद्दे को लेकर शासकीय महाविद्यालय सिलफिली के छात्र-छात्राओं ने आंदोलन करते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन के फैसले के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया,एनएसयूआई जिलाध्यक्ष आकाश साहू की उपस्थिति में विद्यार्थियों ने सिलफिली मुख्य मार्ग पर पदयात्रा निकालकर महाविद्यालय का घेराव किया और बढ़ी हुई फीस को तत्काल कम करने की मांग उठाई।



प्रदर्शन के बाद संत गहिरा गुरु विवि सरगुजा के कुलपति के नाम का ज्ञापन प्राचार्य को सौंपा गया। छात्र-छात्राओं का कहना है कि उच्च शिक्षा प्रत्येक विद्यार्थी का महत्वपूर्ण अधिकार है और शिक्षा व्यवस्था ऐसी होनी चाहिए जिसमें आर्थिक स्थिति किसी भी विद्यार्थी की पढ़ाई के रास्ते में बाधा न बने,विश्वविद्यालय द्वारा फीस में वृद्धि किए जाने से विद्यार्थियों और उनके परिवारों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ने की आशंका है, विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों से आने वाले विद्यार्थियों के लिए बढ़ी हुई फीस जमा करना कठिन हो सकता है, ऐसे में विद्यार्थियों ने विवि प्रशासन से मांग की है कि फीस वृद्धि के निर्णय पर पुनर्विचार कर छात्रहित में तत्काल राहत प्रदान की जाए। फीस वृद्धि के विरोध में शासकीय महाविद्यालय सिलफिली के छात्र-छात्राओं ने एकजुट होकर अपना विरोध दर्ज कराया। आंदोलन के दौरान विद्यार्थियों ने सिलफिली मुख्य मार्ग पर पदयात्रा निकालकर अपनी मांगों को प्रमुखता से उठाया, इसके पश्चात महाविद्यालय का घेराव कर विश्वविद्यालय प्रबंधन के निर्णय के प्रति नाराजगी व्यक्त की गई, छात्रों ने ज्ञापन के माध्यम से विश्वविद्यालय प्रशासन से आग्रह किया गया कि फीस वृद्धि के निर्णय पर गंभीरता से विचार किया जाए,विद्यार्थियों का कहना है कि फीस में होने वाली बढ़ोतरी का सीधा असर उनकी पढ़ाई और परिवारों के बजट पर पड़ सकता है,इसलिए विवि को ऐसा निर्णय लेना चाहिए जिससे विद्यार्थियों को आर्थिक परेशानियों का सामना न करना पड़े और वे बिना किसी अतिरिक्त दबाव के अपनी शिक्षा जारी रख सकें।इस दौरान रूद्र प्रताप सिंह, शिवम साहू, यश दास, पीयूष कुशवाहा, सौरभ चौधरी एवं महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

फांसी में लटका मिला ग्रामीण का शव, जांच में जुटी पुलिस

पोड़ीमोड़। ग्राम पंचायत सेमरा खुर्द में उस समय हड़कंप मच गया जब एक ग्रामीण का शव पेड़ पर फांसी में लटका मिला। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार चंदौरा थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत सेमरा खुर्द में एक ग्रामीण की आज सुबह फांसी में लटका मिला। गांव के लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। बताया जा रहा है कि मृतक सिंघरा का निवासी है जो पिछले 4-5 वर्षों से सेमरा खुर्द में भरोसा सिंह नामक व्यक्ति के घर रहता था। ग्रामीण के आत्महत्या का कारण अभी तक पता नहीं चल सका है। चंदौरा पुलिस ने मृतक की पहचान कराने के साथ ही मामले की जांच शुरू कर दी है।

हाथी प्रभावित गांवों में पहुंचे मंत्री राजेश अग्रवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल ने आज उदयपुर विकासखण्ड के हाथी प्रभावित ग्राम मरडीह, फुंगी और कुरमंतपारा का दौरा कर जमीनी स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने हाथियों की गतिविधियों से प्रभावित ग्रामीणों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी तथा क्षेत्र में हुए नुकसान की जानकारी प्राप्त की। इस दौरान मंत्री श्री अग्रवाल ने वन विभाग के अधिकारियों, एसडीएम और स्थानीय जनप्रतिनिधियों से चर्चा कर प्रभावित परिवारों को राहत पहुंचाने के लिए आवश्यक कार्रवाई शीघ्र सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



उन्होंने अधिकारियों से प्रभावित क्षेत्रों में हुए नुकसान और राहत संबंधी कार्रवाई की जानकारी प्राप्त की। मंत्री श्री अग्रवाल ने निर्देश दिए कि हाथियों से प्रभावित परिवारों को किसी प्रकार की अनावश्यक परेशानी न हो तथा उनके नुकसान का नियमानुसार आकलन कर मुआवजा प्रदान करने की प्रक्रिया प्राथमिकता के साथ पूरी की जाए। पर्यटन मंत्री श्री अग्रवाल ने कहा कि हाथी प्रभावित क्षेत्र में हुए नुकसान की जानकारी मिलते ही आज मैं स्वयं ग्रामीणों के बीच पहुंचा हूं। प्रभावित परिवारों की समस्याओं को समझना और उन्हें समय पर राहत दिलाना हमारी जिम्मेदारी है। वन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि नुकसान का शीघ्र आकलन कर प्रभावित परिवारों को नियमानुसार उचित मुआवजा दिलाने की कार्रवाई सुनिश्चित करें। जनता की सुरक्षा, प्रभावित परिवारों को राहत और हर परिस्थिति में उनके साथ मजबूती से खड़े रहना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना



प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

अब तक 38 दिवंगत शिक्षक साथियों के परिवारों को मिल चुकी है 38 लाख रुपये की आर्थिक सहायता

संयुक्त संवेदना समिति ने दिवंगत शिक्षक के परिजन को दी 1 लाख रुपए की सहायता राशि

प्रतापपुर। शिक्षक केवल शिक्षा का दान ही नहीं करते बल्कि अपनी सेवा भाव और मानवीय संवेदनाओं से समाज को सहयोग एवं एकजुटता का संदेश भी देते हैं। इसी भावना को साकार करते हुए संयुक्त संवेदना समिति प्रतापपुर ने दिवंगत शिक्षक साथी स्व. आत्माराम के परिजन को 1 लाख रुपये की संवेदना राशि प्रदान कर दुःख की घड़ी में परिवार को आर्थिक संबल दिया।

विकासखंड प्रतापपुर के प्राथमिक शाला कोडाकूपारा मानी में पदस्थ सहायक शिक्षक आत्माराम का 22 सितंबर को निधन हो गया था। उनके असामयिक निधन से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। ऐसे कठिन समय में संयुक्त संवेदना समिति ने अपने दिवंगत शिक्षक साथी के परिजन को आर्थिक सहायता प्रदान कर यह संदेश दिया कि शिक्षक साथी के दुनिया से विदा होने के बाद भी उनके परिवार के प्रति सहयोग और संवेदना का रिश्ता बना रहता है। संयुक्त संवेदना समिति का गठन सूरजपुर जिले के शिक्षकों द्वारा आपसी सहयोग से किया गया है। समिति का मुख्य उद्देश्य किसी शिक्षक सदस्य के निधन पर उसके परिवार को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराना है। इस पहल के अंतर्गत दिवंगत शिक्षक साथी के परिजन को 1 लाख रुपये की संवेदना राशि प्रदान की जाती है। समिति के प्रतापपुर ब्लॉक संचालक राजकुमार सिंह ने बताया कि समिति के जिलाध्यक्ष सचिन त्रिपाठी एवं उनकी टीम द्वारा पिछले छह वर्षों से इस योजना का पारदर्शिता के साथ संचालन किया जा रहा है। समिति की जिला उपाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ श्रीमती प्रतिमा सिंह ने बताया कि



संयुक्त संवेदना समिति द्वारा अब तक 38 दिवंगत शिक्षक साथियों के परिजन को कुल 38 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जा चुकी है। एक अन्य दिवंगत शिक्षक साथी के परिजन को संवेदना राशि प्रदान किया जाना शेष है। संवेदना राशि प्रदान करने के दौरान दिवंगत शिक्षक साथी को श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा उनके परिजन के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की गई। इस दौरान ब्लॉक संचालक राजकुमार सिंह, जिला उपाध्यक्ष श्रीमती प्रतिमा सिंह, धर्मपाल सिंह, अशोक कुमार नापित, संतोष तिवारी, संदीप नामदेव, सरजू प्रसाद धुर्वे, गणेश राम धुर्वे, उज्जैन यादव, श्रीमती शांति सिंह, अनौरा कुजूर, सुलोचनी कन्हैया, पुण्यवती खलखो, सुबरन साय सिधार, शैलेश जायसवाल एवं प्रेमसाय पैकरा सहित समिति के सदस्य और शिक्षक उपस्थित रहे।



